दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 26 जनवरी 2022, कृष्ण पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-281 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

प्रेम एक ऐसा अनुभव है जो मनुष्य को कभी हारने नही देता, और घृणा एक ऐसा अनुभव है जो इंसान को कभी जीतने नही देता।

आज बेबाक

विभिन्न खबरिया चैनलों के आपिनियन पोल के मुताबिक उत्तर प्रदेश में टीपू का सुलतान बनना लगभग असंभव है। जबकि टीपू 400 सीटें जीतने का दावा करते फिर रहे है। जाहिर है उनको ओपिनियन पोट फूंटी आंख नहीं सुहा रहा है। नतीजतन उन्होने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी है कि वह ओपिनियन पोल पर रोक लगाएं। उत्तर प्रदेश में जिन अन्य पार्टियों का खाता खुलना भी मुश्किल लग रहा है उनके नेता भी टीपू के सुर में सुर मिला रहे है। कल को यदि चुनावी नतीजे ओपिनियन पोल के मुताबिक आ गए तो ये वोटों पर भी सवाल उठा सकते है।

शुभकामना संदेश

गणतंत्र दिवस की दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र समूह की ओर से समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

- संपादक

अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज 26 जनवरी 2022 को दैनिक नवप्रदेश कार्यालय व प्रेस में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा

- महाप्रबंधक

स्टार प्रचारक बनने के दूसरे दिन ही हाथ का छोड़ा साथ

■ राहुल के करीबी पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह ने छोड़ी कांग्रेस, थामा भाजपा का दामन

नई दिल्ली (ए.)। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 'गंगाजल की सौगंध' दिलाने वाले नेता ने मंगलवार को हाथ से नाता तोड़ कमल का दामन थाम लिया है।

उत्तरप्रदेश चुनाव से पहले दल बदल अभियान जारी है। इस अभियान में मंगलवार को कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आरपीएन सिंह यानी रतनजीत प्रताप नारायण सिंह ने कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस के सोच में आया बदलाव-आरपीएन सिंह

भाजपा की सदस्यता लेने के बाद आरपीएन सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुझे भाजपा परिवार में शामिल किया गया है। कुछ ही सालों में हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने प्राचीन संस्कृति को 21वीं सदी से जोड़कर राष्ट्र निर्माण का जो काम किया है, पूरा देश उसकी सराहना कर रहा है। आरपीएन सिंह ने कहा का, 32 सालों तक मैं एक पार्टी में रहा। ईमानदारी और लगन से मेहनत की। लेकिन जिस पार्टी में इतने साल रहा वह पार्टी अब रह नहीं गई, ना वह सोच रह गई।

किसी को असीमित समय तक जेल में नहीं रख सकते : कोर्ट

दिल्ली (ए.)। 'जेल नहीं जमानत' के न्यायिक सिद्धांत पर जोर देते हुए भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे की आशंका के आधार पर किसी व्यक्ति को असमीमित समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता.भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर जांच चल रही है तो सिर्फ इस अंदेशे पर किसी को असीमित समय तक जेल में बंद नहीं रखा जा सकता कि वह व्यक्ति किसी ऐसी गतिविधि में शामिल रहा होगा जिससे राष्ट्र की सुरक्षा को खतरा हो सकता है. जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और दिनेश माहेश्वरी की बेंच ने यह टिप्पणी सोमवार को मोहम्मद इनामुल हक के केस की सुनवाई के दौरान की. इनामुल हक को सीमा पार से जानवरों की तस्करी के आरोप में पकड़ा गया था. इसी मामले में बॉर्डर सिक्यॉरिटी फोर्स (बीएसएफ) के एक कमांडेंट को भी गिरफ्तार किया गया था. आरोप था कि आरोपी कमांडेंट सीमा पार से तस्करी में शामिल था और उससे होने वाली कमाई का हिस्सा राजनीतिक दलों को भी जा रहा था.

उफनती इंद्रावती नहीं रोक पाएगी ग्रामीणों की राह सीएम भूपेश ने पुल को किया जनता के हवाले

दंतेवाड़ा जिले को दी 251 करोड़ रूपए के विकास कार्यो की सौगात

जगदलपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दंतेवाड़ा जिले के छिंदनार में इन्द्रावती नदी पर 47 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित पुल को सोमवार को जनता को समर्पित किया। इस नवनिर्मित पुल की लम्बाई 712 मीटर और 8.40 मीटर है। इस पुल के बन जाने से अब छिंदनार इलाके के ग्रामीणों का रास्ता उफनती इन्द्रावती भी नहीं रोक सकेगी।

पुल न होने की वजह बरसात के दिनों में इन्द्रावती नदी के उस पार स्थित कई गांवों का जन-जीवन और आवागमन पूरी तरह थम जाता था, इस पुल के निर्माण से लोगों को बारहमासी आवागमन की सुविधा मिलने लगी है। मुख्यमंत्री ने छिंदनार में आयोजित कार्यक्रम में दंतेवाड़ा जिले को लगभग 251 करोड़ रूपए के 814 कार्यो की सौगात दी है।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, विधायक देवती कर्मा, विक्रम मंडावी, सांसद दीपक बैज सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

छिंदनार पुल से ग्रामीणों की राहें हुई आसान: इंद्रावती नदी पर पुल बनने से गांवों के विकास की गति तेज हुई है। बुनियादी ■ शेष पृष्ठ 6 पर





26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
यातायात नियमों का पालन करें,
सुरक्षित वाहन चलायें, सुरक्षित घर जायें,
जन-जन का ये नारा है,
सड़क सुरक्षा को अपनाना है।
जिला परिवहन विभाग कांकेर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वन को आग से बचाए जंगली
जानवरों को नुकसान न पहुंचाएं।
वन है तो जल है वनो की रक्षा
करें जंगल की रक्षा हम
सब की जिम्मेदारी है।
Happy Republic Day
वन मंडल अधिकारी
व समस्त कर्मचारी गण
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर


26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
उपसंचालक जिला रेशम
कोसा उद्योग कांकेर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Tips to Prevent
Coronavirus Transmission
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-उत्तर बस्तर, कांकेर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
तेज गति से वाहन ना चलाए
हेलमेट पहनकर जीवन को सुरक्षित करें
लायसेंस परमिट बीमा वाहन के साथ लेकर चले
यातायात प्रभारी श्री रौशन कौशिक
जिला यातायात पुलिस, कांकेर

राज्य में एथेनाल-बायो डीजल प्रयोगशाला की होगी स्थापना

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य पदार्थो, आयुर्वेदिक उत्पाद, पर्सनल केयर सहित दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुओं के प्रयोगशाला परीक्षण (टेस्टिंग) की सुविधा जल्द ही अब छत्तीसगढ़ में होगी।

टेस्टिंग के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, खाद्य विभाग के कालीबाड़ी स्थित परीक्षण-प्रयोगशाला और आयुर्वेदिक कॉलेज रायपुर के ड्रग टेस्टिंग प्रयोगशाला और अनुसंधान केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इन प्रयोगशालाओं के जरिए सर्टिफिकेशन का कार्य भी किया जाएगा।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस संबंध में बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय, कालीबाड़ी और आयुर्वेदिक कॉलेज में पूर्व से स्थापित परीक्षण प्रयोगशालाओं में जल्द से जल्द दैनिक उपयोग की सामग्रियों के गुणवत्ता के लिए सभी प्रकार की जांच प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। इसी प्रकार नवा रायपुर में निर्मित होने वाले उन्नत तकनीकों से युक्त प्रयोगशाला का निर्माण भी जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए।

छत्तीसगढ़ में जल्द ही एथेनाल का उत्पादन को देखते हुए इसकी गुणवत्ता के जांच के लिए बायो एथेनाल-बायो डीजल प्रयोगशाला की स्थापना के लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू करने भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों के साथ पीपीपी मोड में प्रयोगशाला की स्थापना की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि जिन सामग्रियों की जांच इन प्रयोगशालाओं में किया जाना सम्भव न हो उनके लिए अलग-अलग सामग्रियों के परीक्षण एवं टेस्टिंग के लिए अलग-अलग प्रयोगशालाओं के संबंध में कार्ययोजना बनाई जाए, जिससे प्रयोगशालाओं में एक ही प्रकार के जांच का दुहराव न हो सके।

बैठक में अधिकारीयों ने बताया कि प्रयोगशालाओं में उच्च स्तरीय परीक्षण की सुविधा प्रारंभ होने से खाद्य सामग्रियों और पर्सनल केयर की चीजों के रासायनिक और पोषक तत्व, माइक्रो बायलॉजिकल, हैवी मेटल, कीटनाशक की उपलब्धता, पौधों की गुणवत्ता, विषैले तत्वों की उपस्थिति, एनटीबायोटिक्स की उपलब्धता, फैटीएसिड प्रोफाइल, विटामिन और खनिज तत्व, आर्गेनिक गुणवत्ता सहित अन्य जांच सम्भव हो सकेगी। इसी प्रकार नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ वेयर हाउस द्वारा खाद्य पदार्थो की टेस्टिंग के लिए उच्च गुणवत्ता वाले प्रयोगशाला 'स्टेट ऑफ आर्ट' की स्थापना की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थ- आयुर्वेदिक उत्पाद, पर्सनल केयर उत्पाद सहित अन्य खाद्य सामग्रियों और घरेलू साफ सफाई के लिए प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों के मानक पोषक तत्वों और गुणवत्ता की जांच किए जाने के संबंध में चर्चा की गई।

नेकी की दीवार का पुनर्निर्माण करेगा रायपुर स्मार्ट सिटी

रायपुर/नवप्रदेश। समाज के जरूरतमंद परिवारों को उनके आवश्यकता की जरूरी वस्तुएं दानदाताओं के जरिए उन तक पहुंचाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. नेकी की दीवार का पुनर्निर्माण करेगा। विगत दिनों अग्निकांड की वजह से यह नेकी की दीवार अनुपयोगी हो गई थी, अब यह संरचना पुनः निर्मित होगी। नेकी की दीवार का संचालन रायपुर नगर निगम के अधीन जोन स्तर पर किया जा रहा था। नेकी की दीवार में हुए इस अग्निकांड को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा पुलिस में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है, जिस पर जांच जारी है।

ज्ञात हो कि रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने समाज के हर वर्ग की जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से नेकी की दीवार शहर के दो स्थलों पर तैयार कर इसका संचालन शुरू किया था। अनुपम गार्डन और गांधी उद्यान में बने नेकी की दीवार में दानदाता निर्धन परिवारों की सहायता हेतु अपने पास उपलब्ध अनुपयोगी वस्त्र, ऊनी कपड़े, जूते, खिलौने इत्यादि सामग्री भेंट हेतु छोड़कर जाते थे एवं जरूरतमंद परिवार इन स्थलों से अपने उपयोग की सामग्री अपने साथ ले जाते थे। नेकी की दीवार पर वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मोत्सव का आयोजन भी लोग करते रहे हैं और निर्धन परिवारों को अपनी पारिवारिक खुशी में शामिल कर उपहार भेंट कर जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटते रहे हैं।

गत दिवस हुए अग्निकांड से दोनों नेकी की दीवार को हुई क्षति के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. निर्धन परिवारों के मदद के लिए नेकी की दीवार का पुनर्निर्माण करेगा एवं इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

वर्षा से तीसरे टोकन में धान खरीदी नहीं होने से चौथा जारी करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर सौरभ कुमार ने विगत सप्ताहों में हुए आकस्मिक वर्षा से किसानों को जारी तीसरे टोकन में धान खरीदी नहीं हो पाने से चौथा टोकन जारी करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने बताया है कि किसानों को जारी तीसरे टोकन में धान की खरीदी नहीं होने या धान खरीदी मात्रा शून्य है तो चौथा टोकन जारी करने की अनुमति राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रदाय की गई है। उन्होंने इसके लिए एनआईसी के सॉफ्टवेयर में भी आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिए हैं।

बालिका दिवस पर अनोखी पहल

रायपुर/नवप्रदेश। आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कोरोना रोकथाम हेतु बालिकाओं ने व्यापक अभियान संचालित किया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में एनजीओ यूनिसेफ व वी द पीपल और गुरुकुल महिला महाविद्यालय और डागा गर्ल्स कॉलेज के एन.एस.एस. कैडेट्स द्वारा 'रोको और टोको' जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर मरीन ड्राइव व उसके आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को मास्क का उपयोग करने एवं टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को वालंटियर्स द्वारा मास्क भी वितरित किया गया। इस जन-जागरूकता अभियान में कामिनी अठावले के साथ उनकी टीम शामिल रही।

नुक्कड़ नाटक से कोविड अनुरूप व्यवहारों का पालन करने किया जागरूक

रायपुर/नवप्रदेश। अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती के एनएसएस कैडेट्स ने आज जिला प्रशासन के मार्गदर्शन पर गोल चौक, दीनदयाल उपाध्याय नगर, सुंदर नगर और रायपुरा चौक में नुक्कड़ नाटक कर कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाने एवं वैक्सीन के दोनों डोज़ लगाने हेतु लोगों को जागरूक किया। साथ ही मास्क भी वितरित किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री अमित अग्रवाल, प्रो. दीपिका अवधिया, दिलीप साहू, दिलीप भारती और प्रेम मानिकपुरी उपस्थित रहे।

कोटा, गुढ़ियारी और रामनगर की बस्तियों में पहुंचे एनजीओ के वॉलंटियर्स

रायपुर/नवप्रदेश। गुलाब बाबा फाउंडेशन और उत्कल महिला महामंच द्वारा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन पर कोरोना के प्रभावी नियंत्रण हेतु जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। संस्था द्वारा आज कोटा, गुढ़ियारी और रामनगर की बस्तियों में जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही जरूरतमंदों को मास्क भी वितरित किया गया। हाथों को सेनिटाइजर या साबुन से धोने एवं उचित दूरी बनाकर रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। 15 साल से अधिक उम्र के सभी किशोरों का टीकाकरण एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र के कोमोर्बिड वरिष्ठ नागरिकों का प्रीकॉशन डोज़ लगवाने के लिए भी प्रेरित किया। उत्कल महिला महामंच की अध्यक्ष सावित्री जगत, हेमा सागर, पिंकी निहाल, गौतम मेश्राम, बिंदीया नांग, गौरी साहू, मधू सोनी, माधुरी बघेल, मेरी प्रिंसेस, हेमा नायक, आशा अरोरा, भूमि महानंद इस दौरान साथ थीं।

सीनियर सिटीजन को प्रिकॉशन के डोज लगवाने के लिए प्रेरित करें

रायपुर/नवप्रदेश। शहीद स्मारक भवन टीकाकरण केंद्र में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर कोविड अवेंजर्स की टीम आज जन-जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को मास्क, चॉकलेट और धन्यवाद कार्ड देकर प्रोत्साहित किया। इस टीम ने 'दो डोज़ ज़िन्दगी के' नारे के साथ भीड़-भाड़ में न जाने, व्यक्तिगत स्वच्छता सहित कोविड प्रोटोकाल का पालन करने का संदेश दिया। अवेंजर्स टीम ने सभी को दोनों डोज़ और बुजुर्गों का प्रीकॉशन डोज़ लगवाने के लिए भी प्रेरित किया। इस जागरूकता अभियान में अवेंजर्स ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।

सोशल मीडिया में वीडियो एवं तथ्यहीन समाचार प्रकाशित कर शासन की छवि धूमिल करने का प्रयास

आरंग विधायक एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की पत्रकारवार्ता

रायपुर/नवप्रदेश। मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि विगत दिनों एक पुराने वीडियो को सोशल मीडिया में प्रकाशित कर जन सामान्य के बीच एक झूठी खबर प्रकाशित की जा रही है, खबर में सोशल मीडिया और एक समाचार पत्र में बताया गया कि मंत्री जी द्वारा ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार किया गया एवं धप्पड़ मारा गया जो सरासर आधारहीन एवं बेबुनियाद है ।

वास्तव में यह वीडियो दिनांक 09-01-2022 ग्राम रीवां में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम का है, जिसमें भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्र के साहू समाज सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित थे एवं मंच पर ही स्थानीय ग्रामीण महिलाओं से गांव में पानी पहुंचाने को लेकर सौहाद्रपूर्ण चर्चा हो रही थी। तभी अचानक असामाजिक तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया गया। वीडियो में यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि मंच से उतरने के बाद मंत्री पर अपशब्द कहे जाने पर उन्हीं असामाजिक तत्वों को सुरक्षाकर्मी द्वारा हटाया जा रहा है। इसी वीडियो में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर स्थानीय पुलिस द्वारा उसी रात तत्काल कार्रवाही की गई थी ।

सरकार की छवि धूमिल करने का सबसे प्रथम प्रयास- इस वीडियो का उपयोग सामाजिक सौहाद्र को बिगाड़ने के लिए भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से आरंग विधानसभा क्षेत्र में जिला साहू समाज के अध्यक्ष देवनाथ साहू का अपमान करके प्रसारित किया गया । इस घटना की जानकारी होने पर तुरंत ही स्वयं जिला साहू समाज के अध्यक्ष देवनाथ साहू द्वारा इस समाचार का खंडन किया गया।

सरकार की छवि धूमिल करने का सबसे दूसरा प्रयास एक प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र द्वारा बिना किसी आधार एवं तथ्य के हेड लाईन मांगा पानी, डहरिया ने मारा झापड़ प्रकाशित किया गया है, जबकि वीडियो में स्पष्ट प्रदर्शित हो रहा है कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा असामाजिक तत्वों को पीछे हटाया जा रहा है। इस आधारहीन समाचार को ही आधार मानकर भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्री एवं कार्यकर्ताओं द्वारा षड़यंत्र कर राजनीतिवश सरकार की छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ये निंदनीय है।

इस घटना को भारतीय जनता पार्टी के नेता विशेषकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, अजय चंद्राकर आदि जिस प्रकार से ट्वीटर पर प्रचारित कर रहे उससे स्पष्ट हो रहा है कि इस घटना को भारतीय जनता पार्टी ने जानबूझकर कुछ लोगों को भेजकर कारित करवाया ताकि मंत्री की छवि को खराब किया जा सके। जो लोग समस्या लेकर आये थे वे चले गये तथा जो लोग हल्ला मचा रहे थे वे दूसरे थे। पुलिस जांच कर रही है वस्तुस्थिति सामने आयेगी। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि भाजपा राज्य सरकार की छवि धूमिल करने मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के ऊपर मनगढ़त झूठे आरोप लगा रही है। भाजपा का चरित्र अफवाह फैलाकर राजनीति करना है। इसके पहले भी इस प्रकार षड़यंत्र कूटरचना भाजपा के द्वारा की गयी थी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह एक वीडियो के तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत कर मंत्री डहरिया की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे है। रमन सिंह को याद रखना चाहिये कि प्रशासनिक आतंक का दौर उनकी सरकार के साथ दिसंबर 2018 को ही चला गया। आज आम आदमी बिना खौफ के अपनी बात मुख्यमंत्री, मंत्रियों के सामने कर सकता है रमन सिंह को नहीं भूलना चाहिये उनके मुख्यमंत्री के समय इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में किसान सम्मेलन में अपनी बात रखने वाले युवा को किस प्रकार रमन सिंह ने पीटवाया था जेल तक भिजवाया था। विकास यात्रा के दौरान स्कूल के लिये शिक्षक और सुविधायें मांगने वाले बच्चियों के ऊपर लाठीचार्ज करवाया था धमतरी के किसान जब पानी मांग रहे थे तब रमन सिंह ने उन पर लाठियां चलवाई थी जिससे किसान की मौत हो गयी बिलासपुर के कांग्रेस भवन में रमन की गुण्डागर्दी पूरा प्रदेश ने देखा था शिक्षाकर्मियों, नर्स बहनो एवं छात्रों के ऊपर लाठी चलवाये थे कोई भूला नही है हाल ही में उनके पूर्वमंत्री भैयालाल रजवाड़े ने एक गरीब ठेले वाले को इसलिये धमकाया कि उसने उसके समर्थकों से उधारी का पैसा मांग लिया

बिना सूचना स्कूल से दो शिक्षक नदारद, सयुंक्त संचालक ने किया सस्पेंड, 17 को नोटिस जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित प्रोफेसर जेएन पांडेय जे एन पांडेय स्कूल में विगत दिनों रायपुर शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक के. कुमार ने दबिश दी थी। इस दौरान यहां 19 शिक्षक-कर्मचारी बिना जानकारी के ही अनुपस्थित मिले थे। इनमें से आरोप है कि विज्ञान के शिक्षक जय कुमार दुबे आठ नवंबर 2021 से बिना जानकारी के ही लगातार अनुपस्थित रहे हैं। वह लगातार अधिकारियों के आदेशों और निर्देशों का पालन न करके अनुशासनहीनता करते पाए गए हैं।

लिहाजा संयुक्त संचालक ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

इसी तरह स्कूल के सहायक ग्रेड तीन बाबू मयंक माथुर 29 अक्टूबर 2021 से लगातार अनुपस्थित पाए जाने के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है। मामले में अन्य 17 शिक्षकों के स्कूल नहीं आने पर संयुक्त संचालक ने नोटिस दिया है।

कमल विहार 1120 एलआईजी फ्लैट्स खरीदने पूरे प्रदेश से हो रही पूछताछ

■ 7 दिनों में 300 फार्म बिके, ऋण देने पंजाब बैंक मुख्य बैंकर बना

■ योजना में आधुनिक अधोसंरचना के साथ उद्यान, ओपन जिम व कम्युनिटी हॉल भी होगा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण व्दारा इसी महीने 14 जनवरी के दिन शुरु की गई 1120 एलआईजी फ्लैट्स की नई योजना के बारे में पूरे छत्तीसगढ़ से लगातार पूछताछ हो रही है। सोशल मीडिया में भी

इसके बारे में काफी चर्चा हो रही है। कमल विहार में आधुनिक सुविधाओं के साथ 3 बीएचके फ्लैट्स की योजना के लिए पिछले 7 कार्य दिवसों में प्राधिकरण कार्यालय में आज तक लगभग 300 निविदा फार्म बिक चुके हैं। फ्लैट्स का निर्माण कमल विहार के बड़े स्वागत व्दार के पास स्थित सेक्टर 12 व 13 में किया जाएगा। योजना में आवंटितियों को बैंक ऋण उपलब्ध कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक योजना के मुख्य बैंकर के रुप में पहली बार सहभागी बना है। रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुभाष धुप्पड़ के कार्यकाल में तैयार की गई इस पहली अफोर्डेबल फ्लैट्स निर्माण योजना में एलआईजी फ्लैट्स की कीमत 19 लाख रुपए आंकी गई है। इसमें जनरल सर्विस टैक्स को साथ ही एक मुश्त रखरखाव की राशि अलग से देय होगी। इसका आवंटन निविदा के आधार पर होगा। जिसमें हर एक फ्लैट्स के लिए सबसे ज्यादा राशि का प्रस्ताव देने वाले आवेदक को एलआईजी फ्लैट्स का आवंटन किया जाएगा।

प्राधिकरण के सीईओ श्री अभिजीत सिंह के अनुसार आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह एलआईजी फ्लैट्स कमल विहार योजना के सेक्टर 12 व सेक्टर 13 में प्रस्तावित है। एलआईजी फ्लैट्स का बिल्टअप एरिया लगभग 812 वर्गफुट होगा। बहुमंजिलीय आकार के ये एलआईजी फ्लैट्स चारों ओर से बाऊन्ड्रीवॉल से सुरक्षित होगें। इसमें तीन बेडरुम,एक डॉईंग कम डॉयनिंग रुम सहित किचन, यूटिलिटी व बॉलकनी का प्रावधान किया गया है।

कोरोना से बचाव के लिए कोविड टीकाकरण के सभी डोज निश्चित तिथि पर अवश्य लगवाएं

■ सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम व वृद्धाश्रम संचालकों से कलेक्टर सौरभ कुमार ने मिलकर कहा

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के पदाधिकारियों से मिलकर आज अपने कक्ष में विस्तृत चर्चा की एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र और समस्त नागरिकों के टीकाकरण के लिए सुलभ कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने यह भी कहा हैं कि वरिष्ठ नागरिक यदि किसी विशेष स्थल पर सामूहिक रूप से एकत्र होकर टीकाकरण कराना चाहें, तो जिला प्रशासन उनके लिए पृथक टीकाकरण सत्र भी आयोजित करेगा। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री भूपेंद्र पांडेय भी मौजूद थे।

सीनियर सिटीज़न फोरम ने इस दौरान अवगत कराया कि वरिष्ठ नागरिक स्वस्फूर्त टीकाकरण करा रहे हैं एवं अब प्रीकॉशन डोज़ के लिए निश्चित तिथि को ही टीकाकरण केंद्रों में पहुंच रहे हैं। सभी ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है, इसलिए पूरे परिवार को टीकाकरण के सुरक्षा चक्र में लाने सभी सीनियर सिटीजन अपने दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं।

इस चर्चा में सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के अध्यक्ष श्री के.पी. सक्सेना, सचिव श्री प्रकाश कुमार, सह सचिव श्री राजकुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष श्री सुभाष वर्मा, वर्किंग कमेटी के मेंबर डॉ. शेषा सक्सेना, श्री हंसमुख राणा, श्री गिरधर पांचाल उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को देश के 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि गणतंत्र दिवस लोकतंत्र का महापर्व है। वर्ष 1950 में 26 जनवरी को देश का संविधान लागू हुआ और भारत एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य के रूप में स्थापित हुआ। संविधान ने सभी नागरिकों की गरिमा और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय और समता के लिए मजबूत नींव तैयार की। संविधान की यही मूल भावना है। इससे हमारा देश विविधताओं के बावजूद एकता और अखण्डता के साथ उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

सीएम बघेल ने भारत की आजादी के लिए त्याग और बलिदान देने वाले अमर सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि पुरखों के लंबे संघर्ष से हमें लोकतंत्र का वरदान मिला है।

गैर व्यवसायिक इलाकों में चल रहे दुकानों को वैध करने मुख्यमंत्री से मांग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 24 जनवरी 2022 को चेम्बर के एक प्रतिनिधि मंडल ने चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी से मिलकर रिहायशी, आवासीय और गैर व्यवसायिक इलाकों में चल रहे दुकानों को वैध करने हेतु निवेदन किया।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने मुख्यमंत्री महोदय से कहा कि आपके द्वारा इस कठिन समय में प्रदेश में व्यापारी हित में उठाये गए महत्वपूर्ण कदमों से व्यापारी वर्ग अभिभूत है । सभी वर्गो के हितार्थ आपके द्वारा प्रारंभ की गई जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्य की जनता एवं व्यापारी वर्ग को लाभ हो रहा है।

श्री पारवानी ने बताया कि शहर में क्षेत्रफल के साथ-साथ आबादी का भी लगातार विस्तार हुआ है, लिहाजा लोगों की जरूरतें भी बढ़ी हैं और रहवासी क्षेत्रों में सामानों की आवश्यकता अनुसार वहां दुकानें/ व्यवसाायिक प्रतिष्ठानें खुल गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आवासीय क्षेत्रों में दुकानों /व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का संचालन हो रहा है । छत्तीसगढ़ के लगभग हर जिलों में बड़ी संख्या में रिहायशी कॉलोनी, मोहल्लों में छोटी, बड़ी दुकानें चल रही हैं, जिसके जरिए आसपास के लोगों को जरूरतों के सामान उपलब्ध होने के साथ ही प्रदेश में लगभग 10 लाख से अधिक लोगों को रोजगार भी मिल रहा है एवं शासन को दुकानों से राजस्व की प्राप्ति के साथ साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश के जी.डी.पी. के बढोत्तरी में इनका भी योगदान प्राप्त हो रहा है।

श्री पारवानी ने आगे कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा छोटे प्लाट की रजिस्ट्री पर लगाया हुआ बैन हटाया गया जिससे प्रदेश की जनता को बहुत राहत मिली है तथा शासन को भी राजस्व की भी प्राप्ति हो रही है। श्री पारवानी ने निवेदन किया कि आवासीय क्षेत्रों, मोहल्लों में संचालित दुकानों /व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को शासन द्वारा नियमितिकरण योजना के तहत वैध किया जाये । लैंड यूज एवं निर्माण के नियमों में शिथिलता लाते हुए रिहायशी कॉलोनी, मोहल्लों में बनी दुकानों/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के नियमितिकरण की यह योजना, व्यापारियों वर्ग को आपके द्वारा बहुत बड़ी सौगात होगी।

श्री पारवानी ने अनुरोध किया कि आवासीय कालोनी एवं मोहल्लों में खुले इन दुकानों/ व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को छत्तीसगढ़ शासन से वैध की मान्यता मिले, इसके लिए शासन द्वारा न्यूनतम शुल्क दर में नियमितिकरण की सुविधा प्रदान करें ताकि शासन को राजस्व की प्राप्ति के साथ ही साथ व्यापारी भी तनावमुक्त रहें। आपके द्वारा नियमितिकरण की इस प्रक्रिया के लिए प्रदेश का व्यापारी वर्ग हमेशा आभारी रहेगा।

इस अवसर पर रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल, मंत्री-नीलेश मूंधड़ा, शंकर बजाज, जीतेन्द्र गोल्दा जैन, लोकेश साहू, राकेश(जनक) वाधवानी, जयंत मोहता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

संपादकीय

गण के लिए हो तंत्र

भारत दुनिया का सबसे बड़ा गणतांत्रिक राष्ट्र है जहां गण के लिए ही तंत्र बना है किन्तु आजादी के सात दशकों बाद भी गण से तंत्र की दूरी बढ़ती ही गई है। हालांकि पिछले कुछ सालों से गण और तंत्र के बीच दूरी घटने लगी है किन्तु अभी भी इस बात की आवश्यकता महसूस की जा रही है कि गण के लिए ही तंत्र हो। तात्पर्य यह कि तंत्र सही मायनों में गण के प्रति जवाबदेह हो। पिछले सात दशकों के दौरान देखने में आया है कि जिस गण के लिए तंत्र बनाया गया है उसे चलाने वाले हमारे सेवक खुद को शासक मान रहे थे। नतीजतन देश का जिस तेजी से विकास होना चाहिए था नहीं हो पाया। अलबत्ता तंत्र चलाने वाले अपनी सात पुश्तों के विकास का इंजताम करने में सफल रहे। प्रशासन तंत्र में ऊपर से नीचे तक व्याप्त भ्रष्टाचार हमारे देश की प्रगति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। कैंसर रूपी भ्रष्टाचार देश की अर्थव्यवस्था को खोखला करता रहा है। संविधान में समानता का अधिकार मिलने के बावजूद अमीरों और गरीबों के बीच असमानता की खाई लगातार चौड़ी होती रही है। मुट्ठी भर लोग अरबपति बनते गए वहीं दूसरी ओर देश की एकतिहाई आबादी आज भी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने के लिए बाद्ध है। गरीबी हटाने के लिए सभी सरकारों ने विभिन्न कल्याणकारी याजनाएं लागू की और विभिन्न कार्यक्रम चलाएं लेकिन गरीबी हटने का नाम ही नहीं ले रही है। गरीबों के लिए बनाई गई योजनाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रही है। इस बारे में तात्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने कहा था कि केन्द्र में गरीब के लिए चला एक रूपया उनतक पहुंचते पहुंचते 15 पैसे में तब्दील हो जाता है। हालांकि अब स्थिति थोड़ी बदली है लेकिन अभी भी पूरा का पूरा एक रूपया वास्तविक हितग्राही के हाथों में नहीं पहुंच पा रहा है। अभी भी उसकी बंदरबांट बदस्तूर जारी है। इस स्थिति को बदलने की जरूरत है तभी गण के लिए तंत्र बन पाएगा और भारतीय गणतंत्र सशक्त हो पाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि हमारे देश के कर्णधार भारतीय गणतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडेंगे और भारतीय गणतंत्र को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गणतंत्र बनाने का सपना साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। ऐसा जितनी जल्दी हो उतना ही अच्छा होगा। इसी मंगल कामना के साथ समस्त देशवासियों को दैनिक नवप्रदेश परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

विचार

उनकी तिजोरियाँ कब खुलेंगी?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पिछले 5-7 साल में हमारे देश में गरीबी और अमीरी दोनों का ही काफी तेजी से विकास हुआ हैं। यही सबका साथ है, और यही सबका विकास है। जब से नरसिंहराव सरकार ने उदारीकरण की अर्थ नीति चलाई थी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर से सरकारी शिकंजे को ढीला किया था, देश के सबसे निचले 20 प्रतिशत गरीबों की आमदनी सालाना हिसाब से बढ़ती ही जा रही थी। इस 25-26 साल की अवधि में भाजपा और कांग्रेस की गठबंधन सरकारें भी आईं लेकिन गरीबों की आमदनी घटी नहीं जबकि 2020-21 में उनकी जितनी सालाना आमदनी थी, वह आधी से भी कम रह गई। उसमें 53 प्रतिशत की गिरावट हुई। यह गिरावट थी– 2015-16 के मुकाबले ! पांच सालों के दौरान देश के 20 प्रतिशत सबसे मालदार लोगों की आय में 39 प्रतिशत सालाना की वृद्धि हो गई है। ये आंकड़े एक ताजा खोजबीन से सामने आए हैं। कोरोना महामारी के प्रकोप ने इस गैर-बराबरी की खाई को और भी गहरा कर दिया है। देश के मालदार लोग विदेशों में बड़ी-बड़ी संपत्तियां खरीद रहे हैं, ज्यादातर बैंक लंबी-चौड़ी राशियों के जमा होने के विज्ञापन दे रहे हैं, उद्योगपति लोग देश और विदेश में नए-नए पूंजी-निवेश के अवसर ढूंढ रहे हैं। कईयों को यही समझ में नहीं आ रहा है कि छप्पड़ फाड़कर आई इस पूंजी का इस्तेमाल वे कैसे करें और दूसरी तरफ शहरों के मजदूर अपने-अपने गांवों में भाग रहे हैं। शहरों में या तो निर्माण-कार्य बंद हो गए हैं या जो चल रहे हैं, उनमें मजदूरी पूरी नहीं मिल रही है। सिर्फ सरकारी कर्मचारियों का वेतन सुरक्षित है लेकिन करोड़ों गैर-सरकारी वेतनभोगियों की आमदनी में काफी कटौती हो रही है। उन्हें अपना रोजमर्रा का खर्च चलाना दूभर हो रहा है। छोटे दुकानदार भी परेशान हैं। उनकी बिक्री घट गई है। नाइयों, धोबियों, दर्जियों, पेंटरों, जूता-पालिशवालों के लिए काम ही नहीं बचा है, क्योंकि लोग अपने-अपने घरों में घिरे हुए हैं। छोटे किसान भी दिक्कत में है। लोगों ने सब्जियों और फलों की खरीद घटा दी है। राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकार इस्माइल खाँ से एक बड़े समारोह में किसी मुख्य अतिथि ने पूछा कि सभी कलाकारों ने पगड़ी पहन रखी है लेकिन आपके सिर पर पगड़ी क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि कोविड काल में पहले मकान बिका, फिर बेटी की शादी का कर्ज माथे चढ़ा। अब पगड़ी का बोझ यह माथा कैसे सहेगा?

इस्माइल खाँ की पत्नी ने पत्रकारों को बताया कि अब घर में कभी-कभी सब्जी बनती ही नहीं है। बच्चों को चाय में डुबो-डुबोकर रोटी खिलानी पड़ती है। पराठे की जिद करने वाला बच्चा भूखा ही सो जाता है। सरकार ने 80 करोड़ लोगों को अनाज बांटने का जो अभियान चलाया है, उससे गरीबों को थोड़ी राहत तो मिली है लेकिन जिन अमीरों की अमादनी करोड़ों, अरबों, खरबों बढ़ी है, वे क्या कर रहे हैं? वे अपनी तिजोरियाँ कब खोलेंगे?

गणतंत्र दिवस के सार्थक संकल्प

राजेश माहेश्वरी

भारत के आंतरिक तथा बाहरी दोनों मोर्चों पर खतरे बढ़ रहे हैं, विशेष रूप से आंतरिक सुरक्षा के सम्मुख परेशानियां अधिक हैं। हम ऐसे दौर में आ खड़े हुए हैं जहां सुरक्षा बलों के साथ-साथ नागरिकों को स्वयं सुरक्षा व्यवस्था में हिस्सेदारी निभानी होगी। श्सोशल मीडिया भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। फेक न्यूज, अश्लीलता, इतिहास और धर्म की आड़ में कीचड़ उछालना, बिगड़ती हुई भाषा, हर मन पर नकारात्मक प्रभाव छोड़ रही है। इससे समाज में आक्रामकता, अवसाद बढ़ रहा है और रिश्ते टूट रहे हैं। सोशल मीडिया ना केवल भ्रम फैलाने की मशीन बन रहा है, बल्कि ज्ञान के अभाव में दुर्भावना से प्रेरित असभ्य संवाद देश की एकता के लिए भी खतरा बन रहा है। सोशल मीडिया के लिए सख्त कानून और त्वरित सजा समय की मांग है। सार्थक युवा नीति एवं शिक्षा नीति इस समय सबसे बड़ी जरूरत है। युवा नीति के माध्यम से युवाओं को दिशा देना तथा शिक्षा नीति के माध्यम से ज्ञान और समरसता स्थापित करना, ये वो लक्ष्य हैं।

भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 में लागू हुआ था, इसलिये हम इस दिन को हर वर्ष गणतंत्र दिवस के रुप में मनाते हैं। गणतंत्र का सीधा अर्थ है 'अपना तंत्र'। मतलब हर तरह की अपनी व्यवस्था जिसके अन्तर्गत देश में रहने वाले लोगों की भलाई की जा सके। इसमें नागरिकों के विकास और देश के नेतृत्व के लिये अपना नेता स्वयं चुनने की आजादी भारतीय संविधान द्वारा दिया गया सर्वोच्च उपहार है। यह उपहार हमें आसानी से और मुफ्त में नहीं मिला है, बल्कि इसके लिए लाखों-करोड़ों महापुरुषों ने अपनी जान की बाजी लगाई है।

देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हजारों सपूतों ने भारत को आजादी दिलाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। ऐसे महान देशभक्तों के त्याग और बलिदान के कारण आज हमारा देश लोकतान्त्रिक गणराज्य हो सका है। गणतंत्र दिवस हमारी राष्ट्रीय एकता एवं भावना को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के लिए देशवाशियों को प्रेरित करता है। यह पर्व हमारे शहीदों की अमर गाथाओं से हमें गौरवान्वित करता है और प्रेरणा देता है कि अपने देश के गौरव को बनाए रखने के लिए हम संकल्पित हैं तथा हर पल तेजी से प्रगति और विकास की ओर बढ़ रहे हैं। हमारे संविधान ने हमें इतने अधिकार दिए हैं, जिससे यहां रहने वाले सवा अरब नागरिकों का भविष्य सुरक्षित रहे। हालांकि, इतनी सुविधाओं के बाद हमने क्या किया, यह सोचने पर बेहद अजीब अनुभूति होती है!

आजादी के इतने साल गुजर जाने के बाद संविधान की सुविधा होते हुए क्या हमें अपने कार्यों पर गर्व करना चाहिए? शायद नहीं! बल्कि हमें तो शर्म आनी चाहिए कि जिन वीरों ने भारत देश के लिए प्राण न्यौछावर करने में एक बार भी न सोचा, उस देश की हालत हमने क्या कर दी है? हम अभी भी अपने देश में अपराध, भ्रष्टाचार और हिंसा (आतंकवाद, बलात्कार, चोरी, दंगे, हड़ताल आदि के रुप में) से बुरी तरह पीड़ित हैं। इससे भी बड़ी शर्मिंदगी यह है कि समाज के लोग इन अपराधों पर चुप्पी साधे बैठे रहते हैं! अच्छे लोगों की चुप्पी से अपराधियों का हौंसला बढ़ता जाता है और नतीजा यह होता है कि हम एक बदनाम देश के रूप में कुख्यात हो जाते हैं।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम का कहना था कि मनुष्य के चरित्र निर्माण में तीन लोगों की अहम भूमिका होती है, पिता, माता और गुरु! यह बात अक्षरशः सत्य है। इसके साथ ही समाज के प्रत्येक व्यक्ति को भी जागरूक होना पड़ेगा, जहां कहीं भी कुछ

गलत होता दिखे, उसका मिलकर विरोध करना होगा। चाहे वो मामला किसी महिला से छेड़छाड़ का हो, किसी गरीब के हक का हो या फिर हमारे नेताओं के द्वारा किया जाने वाला अनैतिक कार्य ही क्यों ना हो।

एक नागरिक होने के नाते, हम भी अपने देश के प्रति पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। अगर कुछ गलत होता है, तो यह बात प्रत्येक नागरिक को समझ लेनी चाहिए कि गलत करने वाले का सीधा अपराध तो होता ही है, किन्तु अप्रत्यक्ष रूप से हमारा अपराध भी कुछ कम नहीं होता! हमें गलत तत्वों से लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार रहना पड़ेगा। हमें अपने आपको नियमित बनाना चाहिये, खबरों को पढ़ें, समझें और देश में होने वाली घटनाओं के प्रति जागरुक रहें कि क्या सही और गलत हो रहा है।ऐसे में, हमें अपने पूर्वजों के द्वारा किये गए अनमोल बलिदानों को बेकार नहीं जाने देना चाहिए और फिर से देश को भ्रष्टाचार, अशिक्षा, असमानता और दूसरे सामाजिक भेदभाव का गुलाम नहीं बनने देना है। हमें अपने देश के वास्तविक प्रगति के प्रति जागरूक रहना चाहिए, तो इसके नियमित उत्थान, प्रतिष्ठा और राष्ट्रीय चरित्र के प्रति भी उतना ही सजग रहना चाहिए। शायद तभी, हमारे गणतंत्र की सही मायने में सार्थकता होगी।

देश एवं राज्यों की सरकारें उन विचारों, कार्य योजनाओं एवं नागरिक शासन को प्रतिस्थापित करने में, जैसी की भारतीय गणतंत्रतात्मक संविधान में अपेक्षाएं की गयीं थी, वर्तमान गणतंत्रात्मक व्यवस्था उसे पूरा करने में लगभग असफल ही साबित हुई हैं। देश में भ्रष्टाचार, अराजकता, महंगाई, असहिष्णुता, बेरोजगारी और असमानता से देशवासी बुरी तरह त्रस्त हैं। जन साधारण इसके लिए हमारी राजनीतिक व्यवस्था को पूरी तरह से उत्तरदायी मानता है। जिसने जनतांत्रिक मूल्यों को प्रदूषित किया है। शासन व्यवस्था में भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज उठाने वाले प्रताड़ित किये जा रहे हैं। रक्षक ही भक्षक बन गये हैं। ऐसे में देशवासियों के जागने का समय आ गया है। भ्रष्टाचार और समाज को गलत राह पर ले जाने वाले लोगों को उनके गलत कार्यों की सजा देने के लिए आमजन को जागरूक होने की महत्ती जरूरत है। देश को बचाने के लिए कमर कसनी होगी।

भारत के आंतरिक तथा बाहरी दोनों मोर्चों पर खतरे बढ़ रहे हैं, विशेष रूप से आंतरिक सुरक्षा के सम्मुख परेशानियां अधिक हैं। हम ऐसे दौर में आ खड़े हुए हैं जहां सुरक्षा बलों के साथ-साथ नागरिकों को स्वयं सुरक्षा व्यवस्था में हिस्सेदारी निभानी होगी। श्सोशल मीडिया भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। फेक न्यूज, अश्लीलता, इतिहास और धर्म की आड़ में कीचड़ उछालना, बिगड़ती हुई भाषा, हर मन पर नकारात्मक प्रभाव छोड़ रही है। इससे समाज में आक्रामकता, अवसाद बढ़ रहा है और रिश्ते टूट रहे हैं। सोशल मीडिया ना केवल भ्रम फैलाने की मशीन बन रहा है, बल्कि ज्ञान के अभाव में दुर्भावना से प्रेरित असभ्य संवाद देश की एकता के लिए भी खतरा बन रहा है। सोशल मीडिया के लिए सख्त कानून और त्वरित सजा समय की मांग है। सार्थक युवा नीति एवं शिक्षा नीति इस समय सबसे बड़ी जरूरत है। युवा नीति के माध्यम से युवाओं को दिशा देना तथा शिक्षा नीति के माध्यम से ज्ञान और समरसता स्थापित करना, ये वो लक्ष्य हैं, जिन पर पूरी शक्ति से जुटना होगा। यूं तो राजनीति में वोट बैंक और धुव्रीकरण सदा साथ ही चलते हैं, परन्तु इस दौर में जिस स्तर पर ध्रुवीकरण हो रहा है वो भविष्य में बहुत परेशानियां उत्पन्न करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह दिन हर राष्ट्रप्रेमी के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि देश की आजादी के बाद 26 जनवरी, 1950 को ही अपना संविधान बनाकर हमने उसे लागू किया था। मगर यह भी सच है कि तभी से हर वर्ष 26 जनवरी को 'गणतंत्र दिवस' के रूप में मनाए जाने की 'रस्म अदायगी' ही हो रही है! इस दिन गणतंत्र दिवस मनाने के पीछे मूल भावना यही थी कि देश का प्रत्येक नागरिक संविधान की मर्यादा की रक्षा करने, स्वयं को देशसेवा में समर्पित करने और राष्ट्रीय हितों के प्रति आस्था का संकल्प ले और उस पर अमल करे।

रानी गाईदिन्ल्यू-: स्वतंत्रता संग्राम में पूर्वोत्तर की प्रतिनिधि यौद्धा

प्रवीण गुगनानी

रानी गाईदिन्ल्यू ने स्वतंत्रता संघर्ष के अपने कठिनतम समय के अनुभवों को सुनाते समय एक बार बताया था कि ÷मैं (रानी) उनके लिए (अंग्रेजों के लिए) जंगली जानवर के समान थी, इसलिए एक मजबूत रस्सी मेरी कमर से बांधी गई। दूसरे दिन कोहिमा में मेरे दूसरे छोटे भाई ख्यूशियांग की भी क्रूरता से पिटाई की गई और इस प्रकार हम दोनों भाई बहन को तरह तरह की यातनाएं दी गई। कड़कड़ाती ठंड में हमारे कपड़े छीन कर हमें रातों में ठिठुरने के लिए छोड़ दिया गया, पर मैंने धीरज नहीं खोया था।÷ रानी को इंफाल जेल में रखा गया और उन पर राजद्रोह का अपराध लगाकर मुकदमा चलाया गया, जिसमें उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। अंग्रेज रानी गाईदिन्ल्यू से इतने भयभीत थे कि वायसराय ने रानी की रिहाई गाईदिन्ल्यू के लिए असम की असेंबली में प्रश्न पूछने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

सोत पो, तेरह नाती ; तेहे करीबा कूँहिंयार खेती।÷ अर्थात स्त्री यथेष्ट संख्या में जब बच्चों को जन्म देगी तब ही समाज में खेती सफल होगी। पूर्वोत्तर के हाड़तोड़ श्रम करने वाले समाज में यह कहावत परिस्थितिवश ही जन्मी होगी। इस क्षेत्र में ऐसा इसलिए माना जाता था कि बच्चों को जन्म देकर व उनसे श्रम करवाकर ही परिवार का पालन पोषण हो सकता है; ऐसी मान्यता व परिस्थितियां वहां थी। ऐसे निर्धन किंतु संघर्षशील समाज से निकली महिला का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नाम जुड़ना एक विलक्षण बात थी। 26 जनवरी 1915 को जन्मी, एक चमकीले नक्षत्र की तरह चमकती रानी गाईदिन्ल्यू की कथा संघर्ष का एक महाकाव्य है।

भारत के स्वतंत्रता इतिहास को न जाने कितनी ही ज्ञाता अज्ञात मातृशक्ति ने अपनी अद्भुत वीरता, साहस व बलिदानों से समृद्ध किया है। रानी दुर्गावती से लेकर रानी झांसी लक्ष्मीबाई तक का एक बड़ा ही समृद्ध व विस्तृत इतिहास रहा है वीर भारतीय नारियों का। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पूर्वोत्तर के राज्य नागालैंड की रानी गाईदिन्ल्यू का नाम भी बड़ा ही उल्लेखनीय व वंदनीय है। 1915 से 1993 तक की अपनी जीवन यात्रा से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को पूर्वोतर का प्रतिनिधित्व देने वाली नागा रानी गाईदिन्ल्यू या रानी गेडाऊ आध्यात्म से परिपूर्ण राजनैतिक महिला थी। 1982 में रानी भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण से भी सम्मानित की गई। नागालैंड की महारानी लक्ष्मीबाई के नाम से प्रसिद्द स्वाभिमानी रानी गाईदिन्ल्यू का जन्म मणिपुर में हुआ था। मात्र 13 वर्ष की आयु में पूर्वोत्तर के क्रांतिकारी नेता जादोनाग के संपर्क में आने के बाद से ही रानी अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संघर्ष में जुट गई थी। जादोनांग द्वारा चलाये जा रहे संघर्ष को वहां के लोग हेराका आंदोलन कहा करते थे। हेराका का लक्ष्य प्राचीन नागा धार्मिक मान्यताओं की बहाली और पुनर्जीवन प्रदान करना था। अंग्रेजों द्वारा पूर्वोत्तर में सतत बलपूर्वक कराये जा रहे धर्मांतरण का भी जादोनांग व रानी गेड़ाऊ कड़ा विरोध करती थी। जादोनांग द्वारा चलाए गए इस आंदोलन का स्वरूप आरंभ में धार्मिक था किंतु धीरे-धीरे उसने राजनीतिक स्वरूप ग्रहण करते हुए अंग्रेजों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। इस आंदोलन के दौरान मणिपुर और नागा क्षेत्रों से अंग्रेजों को बाहर खदेड़ना शुरू किया गया।

क्रांतिकारी जादोनांग के असमय बलिदान के बाद रानी गाईदिन्ल्यू स्वतंत्रता संग्राम को आगे बढाने लगी। रानी ने नागाओं के कबीलों में एकता स्थापित करके अंग्रेज़ों के विरुद्ध संयुक्त मोर्चा बनाने के लिए कदम उठाये। रानी को जादोनांग के बलिदान से उपजे असंतोष के कारण जनता का बड़ा समर्थन मिला। रानी को वहां का जनजातीय समाज उनकी पूज्य देवी चेराचमदिनल्यू देवी का अवतार मानने लगा। अपने दिव्य आभामंडल से मात्र सोलह वर्ष की आयु में इस नन्ही क्रांतिकारी बालिका ने अपने साथ चार हज़ार सशस्त्र नागा सिपाही जोड़ लिए। इन्हीं को लेकर भूमिगत रानी गाईदिन्ल्यू ने अंग्रेज़ों की सेना का सामना किया और वह गोरिल्ला युद्ध से अंग्रेजों को छकाने लगी। रानी की छवि अंग्रेजी सेना में खूंखार यौद्धा की बन गई और वहीं सामान्य वर्ग उन्हें अपनी देवी व उद्धारक मानने लगा था। अंग्रेज रानी के आन्दोलन को दबाने के लिए हरसंभव अत्याचारपूर्ण प्रयत्न करने लगे। रानी के सशस्त्र नागाओं ने एक दिन 'असम राइफल्स' की सरकारी चौकी पर हमला कर दिया। रानी व अंग्रेजों के मध्य सतत संघर्ष के चलते रानी एक किले के निर्माण में जुट गई जहां रहकर वह अपनी सेना के साथ अपनी जनता को नेतृत्व दे सके। इस किले के निर्माणकाल में ही 17 अप्रैल, 1932 को अंग्रेज़ों की सेना ने अचानक रानी पर आक्रमण कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद अंग्रेजों ने रानी पर मुकदमा चलाया और वे चौदह वर्षों तक अंग्रेजों की कैदी के रूप में जेल में रहीं। 1947 में देश के स्वतंत्र होने पर ही वे जेल से मुक्त हो पाई थी। रानी गाईदिन्ल्यू के स्वतंत्रता सग्राम में योगदान के कारण ही उन्हें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का ताम्रपत्र 1972 में प्रदान किया गया, 1983 में उन्हें विवेकानंद सम्मान से सम्मानित किया गया व 1996 में उनके नाम से भारत सरकार द्वारा डाकटिकिट भी जारी किया गया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जीवन के गूढ़ रहस्यों से रची जाती

जीवन के गूढ़ रहस्यों से रची जाती है ..कवितायें यूँ ही नही शब्द बंध जाते एक लय में जब तक हर शब्द अहसास व अनुभव से गुजर नही जाते तब तक अधूरी है कवितायें समझना है अभी उन गूढ़ रहस्यों को गुजरना है हर उस अहसास व अनुभव से ताकि पूरी कर सकूँ अधूरी कवितायें। **– सीमा नागर तुली**

वसंत आगमन है

वसंत आगमन है तुम को नमन प्रिये। कलिका में खिलखिलापन ,सौंदर्य तुम प्रिये। मधुमास मन सुयोग है न भोग तुम प्रिये चन्दन सी यूँ महकती हर छोर तुम प्रिये माघ शुक्ल पंचमी तू चैत्र शशि सुधा सरसों में स्वर्ण पुष्प कनक सज गयी धरा।

– राजकिशोर मिश्र 'राज' प्रतापगढ़ी

खास पाती | बड़ी मां खेती में पनपे अनचाहे

बड़ी माँ खेती में पनपे अनचाहे धान को उखाड़कर फेंकती कुछ इसी तरह अनचाहा हुआ जन्म मेरा छत पर किसी पौधे के उग आने से चिंता में पड़ जाती थी दादी छत के टुटने के कुछ ऐसा ही रहा जन्म मेरा सुनाती है अक्सर पड़ोस की चाची दिये थे पिता ने भारी मन से दो रूपये दाई माँ को और ढेर सारी गालियाँ उस ईश्वर को याद आता है सचित्र वह दृश्य आज भी जब मैं बैठती थी मोड़कर पैर पीछे दद्दा देते खूब गालियाँ उनका मानना था तुम्हारे बाद लड़के का जन्म होगा और पीछे पैर डालने से उसका अपमान जैसे-जैसे बड़ी होती गई घर के हर कोने में मैने जगह बनाई और एक दिन बिना किसी के, मन के तालों को खोले हमेशा के लिए मै वहाँ से निकल गयी। **– सरिता सैल**

मुस्कराने की वजह तुम हो

मुस्कराने की वजह तुम हो। खामोशियो की होती है मीठी जुबान। सरगोशियाँ कहती है एक नई कहानी। ऐसे ही जिंदगी में होता है हर जज्बा। फल की चिंता के बिना किये गए कर्म। विनम्र प्रार्थनाओं से जीवन बनता है अर्थवान। भय से पाकर मुक्ति सही तरीके से पालन सम्भव है जीवन धर्म का। राम कृष्ण बुद्ध मानव से महामानव तभी तो बने। धुन सूनी प्रकृति कि उन्होंने पुकार पहचानी उसकी। स्वार्थो से ऊपर उठकर हुए सन्नद्ध मानव कल्याण में। सामान्य मनुष्य जीवन का कैसे करे मूल्यवान रूपांतरण। **– हेमा पाण्डेय**

न जाने क्यों तुम्हारें चेहरे के

न जाने क्यों तुम्हारें चेहरे के हर चेहरे को ढूंढने में नाक़ाम हूँ मै. इस क़दर तुम्हारी हथेलियों ने ढक रखी हैं मेरी आँखें। **– सुरेखा अग्रवाल**

बिताये संग जो लम्हे सनम वो

बिताये संग जो लम्हे सनम वो याद आते है। भुलाकर प्रीत की बाते,वही मुझको सताते है। मिलेगी भीड़ दुनियाँ में मगर मुझको न पाओगे, तुम्हारे नाम पर अपनी ,मुहब्बत कर के जाते है। लिखोगे तुम कभी मुझको,युँ अपनी ही कहानी में, उसी का सोचकर दिलवर, शब्द मुझको रुलाते है। नही आसान है मिलना,न मिलकर के बिछड़ जाना, खुदा की ही तो मर्जी है वही दुनियाँ चलाते है सुनो तो मोहिनी के आज भी दिल मे बसे हो तुम, अकेलेपन के साथी हो गले तुमको लगाते है। **–मोहिनी गुप्ता**

कि जो टूटा है' इस दिल

कि जो टूटा है' इस दिल पे क़हर कैसे भुलायेंगे, किया जो दर्द में डूबा सफ़र कैसे भुलायेंगे, भले हम आ गए इक्कीस से बाईस में लेकिन, बिताये वक़्त का आखिर ये' डर कैसे भुलायेंगे। **– गोविन्द शर्मा**

जिंदगी भी चाय सी हो गई

जिंदगी भी चाय सी हो गई जितना खौलाया गया उतना रंग गहराया मिठास की क्या बात करे सबके मन को भाया पसंदीदा लोगो ने अपनाया डायबिटीक(झूठे)लोगो ने हमे दूर भगाया। **– शत्रुंजय तिवारी**

यूं तो बस सांसो चलन ही ज़िन्दगी

यूं तो बस सांसो चलन ही ज़िन्दगी है ए हसरत तू बता तेरी क्या बन्दगी है लोक है, त्रिलोक है समक्ष सारे आलोक हैं ऐ ज़िन्दगी अब तू बता कहां सब लोग हैं पाना खोना है इस नियती का निर्णय नियती तू ही बता कहां हम सब लोग हैं। **– ललित उपाध्याय**

QUIZ TIME

1) कैथोड, एनोड, आयन एवं इलेक्ट्रोड ये सभी शब्द उन्नीसवीं शताब्दी के किस ब्रिटिश वैज्ञानिक द्वारा पहली बार प्रचलित किए गए थे?

2) चिपैंजी एवं गोरिल्ला से संबंधित विशाल वानर (एप) की कौन-सी प्रजाति विश्व में सबसे अधिक फल खाने वाली है?

3) अपेक्षाकृत गर्म वायु के बढ़ते प्रवाह के लिए प्रायः क्या नाम दिया जाता है, जिस पर ग्लाइडर्स एवं पक्षी मंडराते है?

4) 12वीं सदी के किस शासक एवं होनेंसटॉफेंस वंश के संस्थापक ने रोमन साम्राज्य के नाम में पवित्र टाइटिल जोड़ा?

5) वर्ष 1855 में पहली बार किस विधिक विद्वान ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें पहली बार कांग्रेस ने रॉयल कमीशन में भारतीय प्रतिनिधित्व की मांग की थी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) माइकल फैराडे (2) ऑरंगुटान (3) थर्मल्स (उष्मीय) (4) फ्रेडरिक I (बारबारोसा) (5) जी. सुब्रमण्य अय्यर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1666- फ्रांस ने इंग्लैड के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की। 1748- ब्रिटेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और सार्डिनिया ने फ्रांस विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किए। 1841ब्रिटे ने हांगकांग कब्जा किया। 1845- ब्रिटिश जनरल चार्ल्स गार्डन सूडान में मारे गये। 1905- दक्षिण अफ्रीका में हुयी खुदाई में दुनिया का सबसे बड़ा 3106 कैरेट का हीरा कलिनन मिला। 1556 -मुगल बादशाह हुमायूं की सीढ़ियों से गिरने से मौत। 1930 -ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारत में पहली बार स्वराज दिवस मनाया गया। 1931 -'सविनय अवज्ञा आंदोलन' के दौरान ब्रिटिश सरकार से बातचीत के लिए महात्मा गांधी को रिहा किया गया। 1950 -स्वतंत्र भारत का संविधान लागू हुआ और भारत को एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। इसके बाद से इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। 1950 -सी. गोपालाचारी ने भारत के अंतिम गवर्नर जनरल का पद छोड़ा और डा. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के प्रथम राष्ट्रपति का पद संभाला। 1950 -अशोक स्तंभ को राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न के रूप में अपनाया गया। 1950 -फेडरल कोर्ट ऑफ इंडिया को भारत का उच्चतम न्यायालय बनाया गया जिसकी स्थापना 1937 में हुई थी। 1957 -जम्मू-कश्मीर को औपचारिक रूप से भारत का हिस्सा बनाया गया। 1963 -माथे पर मुकुट जैसी कलगी एवं खूबसूरत पंखों वाले मोर को राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया। 1972 -दिल्ली के इंडिया गेट पर राष्ट्रीय स्मारक अमर जवान ज्योति का अनावरण। 1981 -वायुदूत विमान सेवा की शुरुआत।

न्यूज गैलरी

जतिया तालाब के पास बन रही सड़क का किया महापौर ने भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड नंबर 21 जतिया तालाब के पास की सड़क कई सालों से जर्जर हो चुकी थी। ऐसे में यहां के नागरिकों ने लंबे समय से इस सड़क की मरम्मत कराने निगम अधिकारियों को आवेदन दिया था। ऐसे में महापौर रामशरण यादव ने वार्डवासियों की समस्या को देखते हुए। इस सड़क को डामरीकृत करने का प्रस्ताव बनाया और निगम से स्वीकृति के बाद सोमवार को इस सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। महापौर रामशरण यादव ने बताया कि सालों से इस वार्ड में सड़क की समस्या थी। ऐसे में क्षेत्र वासियों की समस्या और मांग पर अधोसंरचना मद के 55 लाख रूपये की लागत से जतिया तालाब सुलभ के पास से लेकर मिश्री पान सेंटर तक 650 मीटर सड़क का डामरीकरण किया जाएगा। सड़क बन जाने से लोगो को आवगमन में हो रही समस्या नहीं होगी। भूमिपूजन के दौरान सभापति शेख नजीरूद्दीन, वार्ड पार्षद सीमा घृतेश, एमआईसी सदस्य अजय यादव, राजेश शुक्ला, जोन नंबर 3 के कमिश्नर प्रवीण शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहें।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मताधिकार के निष्पक्ष प्रयोग की शपथ ली गई

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार आज 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों ने बिना किसी भेदभाव के धर्म, वर्ग, जाति और समुदाय के ऊपर उठकर स्वतंत्र मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ लिया। कलेक्टोरेट में अतिरिक्त कलेक्टर जयश्री जैन ने अधिकारी, कर्मचारियों को शपथ दिलाई। शपथ कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ऑनलाईन कार्यक्रम, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी पुरस्कृत

बिलासपुर/नवप्रदेश। 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का लाईव प्रसारण प्रातः 11 बजे से किया गया। गूगल मीट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेरीश एस, अतिरिक्त कलेक्टर जयश्री जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका वर्मा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक, ट्वीटर एवं यू ट्यूब के माध्यम से से भी शासकीय विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों, महाविद्यालय के छात्र-छात्रा तथा आम नागरिकों ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर निर्वाचन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालय में पदस्थ डाटा एंट्री ऑपरेटरों तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सहायक प्राध्यापक तरूण धर दीवान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस और महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर शुष्क दिवस

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले में सभी प्रकार के देशी, विदेशी मदिरा दुकानें एवं भण्डारागार बंद रहेंगे। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित वृत आबकारी उप निरीक्षकों को अपने अपने प्रभार क्षेत्र में उपस्थित रहकर सभी प्रकार की मदिरा दुकानों एवं लायसेंस तथा भण्डारागार से उक्त दिवसों में मदिरा का विक्रय और किसी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार न हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी

बिलासपुर/नवप्रदेश। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी 2022 को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था एवं कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस ग्राउण्ड बिलासपुर में कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार सुबह 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक वीआईपी प्रवेश द्वार पर सिटी मजिस्ट्रेट बिलासपुर हरिओम द्विवेदी, अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी ऋचा सिंह की ड्यटी लगाई गई है। इसी प्रकार मंच पर उचित व्यवस्था के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी रमेश मोर और नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी राजकुमार साहू की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार जनसामान्य प्रवेश द्वार एवं वीआईपी सेक्टर हेतु नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी श्वेता यादव की ड्यूटी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद परिवार सेक्टर के लिए नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी प्रकृति ध्रुव की ड्यूटी लगाई गई है। वीआईपी महिला सेक्टर के लिए नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सीपत नीलिमा अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

देश में लड़कियों को समर्थन, नए अवसर प्रदान करता है : पाण्डेय

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर शांता फाउंडेशन बिलासपुर के द्वारा सकरी बिलासपुर में स्थित कन्या शाला के आसपास के बालिकाओं को पाठ्य पुस्तक सामग्री वितरण किया गया। इस अवसर पर शांता फाउंडेशन बिलासपुर के सुश्री रुपाली पाण्डेय का कहना है कि राष्ट्रीय बालिका दिवस देश में लड़कियों को समर्थन, नए अवसर प्रदान करता है। यह समाज में लड़कियों के साथ होने वाली असमानता जैसे भेदभाव, शोषण के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

अतिक्रमण दस्ते का चला डंडा, शनिचरी, गोल बाजार, मगरपारा बाजार में अतिक्रमण पर की गई कार्यवाही

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगलवार को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता ने बिलासपुर के मुख्य मार्गों पर अपना अभियान चलाया। इस दौरान टीम मगरपारा सहित गोलबाजार और शनिचरी बाजार पहुंची। कार्य दिवस पर यहां सड़क पर चलने की जगह नहीं रहती है। एक तो पहले से ही सकरी सड़कें है, उस पर दोनों और ठेले, खोमचे वालों ने कब्जा जमा रखा है। रही सही कसर यहां स्थापित दुकानों ने पूरी कर दी है, जो दुकान का आधा सामान सड़क पर फैलाकर कारोबार कर रहे हैं। यहां बेजा कब्जा हटाने के साथ ऐसे दुकानदारों को अतिक्रमण दस्ता ने चेतावनी दी है। तो वहीं सड़क पर बेतरतीब खड़े ठेलों को भी हटाया गया और उन्हें दोबारा सड़क जाम नहीं करने की चेतावनी दी गई। टीम गोल बाजार और शनिचरी बाजार भी पहुंची, जहां अतिक्रमण दस्ते द्वारा कुछ स्थानों पर तोड़फोड़ करते हुए बेजा कब्जा हटाया गया। सड़क पर खड़े ठेलों और सड़क पर सामान फैला कर बेचने वाले दुकानदारों को भी हटाया गया। वैसे यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है, क्योंकि अतिक्रमण दस्ता द्वारा कार्यवाही करने के बाद कुछ ही घंटों में दुकानदार वापस उसी स्थान पर उसी तरह आ डटते हैं। बिलासपुर में जनसंख्या के दबाव के साथ वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है और सड़कें पुरारी आकार की है। इसलिए सुबह से लेकर शाम तक यहां भीड़भाड़ और जाम की स्थिति रहती है। वाहन रेंग-रेंग कर आगे बढ़ते हैं। कभी-कभी नगर निगम अतिक्रमण दस्ताव द्वारा इस तरह की कार्यवाही से तात्कालिक राहत तो मिलती है लेकिन स्थाई राहत अब तक नहीं मिल पाई है।

खाद्य मंत्री भगत का सूचना तंत्र हुआ फेल

बलासपुर/नवप्रदेश। भले ही मंत्री या जिम्मेदारों के आने पर उनसे संबंधित लोग उनका स्वागत जोर शोर से करते होंगे। पर वहां के धरातल की जानकारी अपने आकाओं को न देना समझ से परे है। जिसके कारण मंत्री या जिम्मेदार पत्रकारों के सवालों से घिर जाते हैं और हंसी का पात्र बन जाते हैं। जब मंत्री या जिम्मेदार अपने विभाग के अधिकारियों की भाषा बोले तो इससे यह समझ में आता है कि उनका उस स्थान का सूचना तंत्र कमजोर है। इसी प्रकार का वाक्या छत्तीसगढ़ भवन में खाद्य मंत्री अमरजीत सिंह भगत की प्रेसवार्ता में दिखा। जब उनसे प्रश्न किया गया कि भरनी संग्रहण केंद्र में पुराना धान को व्यवस्थित ढंग से नहीं रखा गया है, क्या धान को सड़ाने के लिए खरीदा जाता है? तो उन्होंने कहा कि इस बार धान संग्रहण केंद्र में नहीं रख रहे हैं। धान को उपार्जन केंद्र से सीधे मिल भेजा जा रहा है। मंत्री के इस जवाब से समझ में आता है कि वे वही जवाब दिए, जो संबंधित विभाग के जिम्मेदार उन तक जानकारी पहुंचाई है। आपको ज्ञात हो कि प्रत्येक नेता या जनप्रतिनिधियों के उनके खास समर्थक होते हैं, जिनका काम अपने जगहों की हर वो अहम जानकारी उन तक पहुंचाते रहते हैं, जिनसे उनका दबदबा बना रहे, जबकि मंत्री भगत के भी दो खास समर्थक बिलासपुर शहर में भी है। इससे यह समझ में आता है कि वे केवल लोगों को दिखाने के लिए और अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए समर्थक बने हैं। अमरजीत को ऐसे लोगों से बचने की जरूरत है।

लड़की की मौत, न्यायिक जांच की मांग को लेकर थाने का घेराव

बिलासपुर/नवप्रदेश। आदिवासी बेटी दुर्गा नेताम की मौत के मामले में न्यायिक जांच को लेकर आज सकरी थाने का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में शामिल भाजपा नेता रोहित मिश्रा ने जानकारी दी कि 17 जनवरी 2022 को दुर्गा नेताम पिता राधेश्याम नेताम निवासी उसलापुर जोकी गार्ड का काम करता है जिसकी बेटी एक दिन पहले शाम 5 बजे से गायब थी जो कि दूसरे दिन सुबह 5 बजे घर के सामने मरी हुई अवस्था में मिली उसका शरीर अर्ध नग्न था तथा नीचे पूरा कपड़ा पेशाब से सना हुआ था शर्ट और मुंह में खून लगा हुआ था नाक और मुंह में दबाव का निशान था नीचे पैर के सामने रगड़ा हुआ कुचला हुआ शरीर अकड़ा हुआ स्थिति में था देखने से लग रहा था कि किसी ने उसे अन्य जगह मारकर घर के सामने फेंका है जिसमें की दुर्गा नेताम के परिवार वालों के द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है जिसमें की पुलिस जांच पर परिवार के द्वारा संदेह प्रकट किया जा रहा है जिसकी हम पुलिस प्रशासन द्वारा किसी अन्य एजेंसी से न्यायिक जांच की मांग करते हैं क्योंकि मामला आदिवासी समाज से जुड़ा हुआ है इसलिए थाना घेराव में सर्व आदिवासी समाज के साथ प्रमुख रूप से भाजपा नेता रोहित मिश्रा, समाजसेवी समीर शुक्ला, राजीव शर्मा, पूनम शुक्ला, राजेश नेताम, कपिल मरकाम, भोला मंडावी, भगत सिंह, रामखेलावन नेताम, आकाश नेताम, उत्तम दास मानिकपुरी, राजेश कुमार, विकेश यादव, संतोष शर्मा सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग एवं ग्रामीण सम्मिलित हुए।

कुलपति को नेशनल वेबीनार के सफल आयोजन के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी पेन्ड्री सांदिपनी एकेडमी के शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय नेशनल वेबीनार दिसंबर में विषय द न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 स्पेसिफिक रिफरेंस विद टीचर एजुकेशन एंड स्कूल एजुकेशन का सफल आयोजन किया गया था। सेमिनार के मुख्य अतिथि प्रो. अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई कुलपति, अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर थे जिन्हें धन्यवाद पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही वेबीनार विश्लेषण रिपोर्ट महाविद्यालय के अध्यक्ष वेबीनार महेंद्र चैबे प्राचार्य डॉ. रीता सिंह एवं शिक्षा विभाग के शिक्षकों की उपस्थिति में सौंपा गया। वेबीनार में कुलपति ने नेशनल पॉलिसी 2020 के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षकों की गुणवत्ता व योग्यता पर सुधार करने की बात कही। साथ ही शिक्षण संस्था व्यवस्था व गुणवत्ता पर ध्यान दिए जाने पर जोर दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के स्थानीय कौशल पर जोर देते हुए उसके विकास पर अपना योगदान देने के लिए विभिन्न संस्थानों के सहा. प्राध्यापकों से कहा। वेबीनार में डॉ रीता सिंह के द्वारा महाविद्यालय का परिचय दिया गया, शुभारंभ एंकर सुश्री दीप्ति सिंह राठौर के द्वारा गणेश स्तुति कर किया गया। प्रोग्राम के प्रथम सेशन के स्पीकर प्रो. एम ए खदर पूर्व अध्यक्ष करिकुलम ग्रुप एनसीईआरटी केरल से जुड़ते हुए शिक्षकों की शिक्षण शैली एवं स्कूल व्यवस्था को अपग्रेड करते रहने की बात की, द्वितीय सेशन के स्पीकर प्रो. अमरेंद्र बेहेरा ज्वाइंट डायरेक्टर सी आई ई, एन सी ई आर टी न्यू दिल्ली से जुड़ते हुए शिक्षण व्यवस्था में आईसीटी का प्रयोग करते हुए विभिन्न भाषाओं का डिजिटलीकरण करना जिससे आम के साथ दिव्यांगों को भी लाभ प्राप्त हो पर जोर दिया, वेबीनार में विभिन्न स्थानों व महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं संस्था के महेंद्र चौबे अध्यक्ष वेबीनार, डॉ रीता सिंह प्राचार्य, सुनील प्रजापति कोऑर्डिनेटर, सुश्री दीप्ति सिंह राठौर सहा प्राध्यापक कविता विश्वास, मुकेश खुटले एचओडी, ताराचंद तिवारी, हरीश रजक, सुश्री लीलावती पटेल, अनिल कुमार, हरिनारायण आईटीआई विभाग से एवं संस्था के अन्य सदस्यगण व शिक्षकों ने भाग लिया।

महिलाओं के लिए नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। धुरीपारा मंगला और लाल खदान में सेवा भारती द्वारा महिला के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर सेवा भारती के उपाध्यक्ष लता गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा महिलाओं की उन्नति के लिए एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सेवा बस्तियों में निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र खोला जा रहा है। सेवा भारती द्वारा समय-सयम पर सामाजिक उन्नति के लिए मई कार्यक्रम चलाए जाते हैं। उक्त कार्य में उपाध्यक्ष लता गुप्ता अध्यक्ष शांतनु, सचिव रोहित भांगे, हर्षवर्धन भासकर वर्तक छेदु सिंह, हर्षवर्धन अरोरा, संगीता अग्रवाल, आषा आदि का विषेष सहयोग रहा।

आरपीएफ बिलासपुर ने स्टेशन से मिले यूपी के युवक को परिजनों को सौंपा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेसुब पोस्ट बिलासपुर ने उत्तरप्रदेश के अपने घर से भागे मानसिक रूप कमजोर एक व्यक्ति को प्लेटफार्म में घूमते पकड़कर लाया गया जिसे मानवीय सवेंदना का परिचय देकर परिजनों को सूचित कर आज उन्हें सुपुर्द कर बिलासपुर आरपीएफने एक और नेक कार्य करके अपनी सहभागिता दर्ज करा दी है। मामले की जानकारी देते हुए बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक भास्कर सोनी ने बताया कि प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ए.एन. सिन्हा एवं वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त ऋषि कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन और निर्देशन में 22 जनवरी को पोस्ट में तैनात सहायक उपनिरीक्षक द्वय एफ आर यादव, वीबी सिंह महिला आरक्षक सोनिया साहू प्लेटफार्म में नियमित गस्त कर रहे थे अचानक टीम की प्लेटफार्म नम्बर एक सदिंग्ध अवस्था मे एक युवक दिखा जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दिपेंद्रनाथ त्रिपाठी उम्र 35 सिद्धार्थ नगर उत्तरप्रदेश बताया और अपने को मानसिक रूप से कमजोर होना भी आरपीएफटीम को बताया और अपने परिजनों का मोबाइल नम्बर 96280 35451 दिया तब आरपीएफने इस युवक के परिजनों के मोबाइल नम्बर पर काल कर संपर्क कर बातचीत की तो शैलेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने आरपीएफबिलासपुर बताया कि वह किसी को बिना बताए घर से चला गया उसे उत्तरप्रदेश के कई शहरों में ढूंढ रहे है बिलासपुर आरपीएफ से मिली सूचना पर उसके परिजन तत्काल बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट पहुँचे और पोस्ट प्रभारी भास्कर सोनी को अपना नाम शैलेन्द्र नाथ त्रिपाठी पिता बालेश्वर नाथ त्रिपाठी 60 वर्ष ग्राम चेतिया थाना मिसरोलीया जिला सिद्धार्थनगर उत्तरप्रदेश निवासी बताया और अपना बेटा को पहचान कर उसे जगह जगह कई शहरों में ढूढ़ना बताया आज उनके साथ आये अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति में आरपीएफ बिलासपुर ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देकर उनके खोए हुए पुत्र को सुपुर्द किया तब उत्तरप्रदेश से आये शैलेन्द्र नाथ त्रिपाठी और उनके परिजनों ने बिलासपुर आरपीएफपोस्ट की पुरी टीम को साधुवाद दिया।

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन, विधायक के हाथों सम्मानित हुए खिलाड़ी

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चिउरगांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें फाइनल मैच चिउरगांव और करपावंड गादीयापारा के मध्य खेला गया जिसमें करपावंड गादीयापारा ने 5 विकेट जीत हासिल मैच अपने नाम की। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बस्तर विधायक, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष लखेश्वर बघेल रहे। विधायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलना हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है । ऐसे प्रतियोगिता में हमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा को ग्रामीण क्षेत्र हो या प्रदेश एवं माता पिता गुरूजनों को दिखाना है। साथ ही आने वाली युवा पीढ़ी को भी खेल के प्रति जागरूक करना है। छत्तीसगढ़ सरकार भी खेल के क्षेत्र मे बेहतर कार्य कर युवा खिलाड़ियों को आगे आने हेतु प्रेरित कर रहीं है। इसलिए राजीव गांधी युवा मितान क्लब खोला गया है, ताकि आने वाले दिनों में नन्हें खिलाड़ियों को आगे तक पहुँचने में आसान हो हमेशा खेल के प्रति सजग रहकर ही खेलना चाहिए और खेल भावनाओं का परिचय देना है। इससे हमारे खेल भावना में काफी कुछ सीखने प्राप्त होता है।

अवैध उत्खनन व परिवहन करते 1 हाइवा एवं 11 ट्रैक्टर जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के घुटकू, लमेर, तथा सेंदरी के आसपास के क्षेत्रों में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन संबंधी शिकायतें मिल रही थी। प्रशासन ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए राजस्व, परिवहन, पुलिस तथा खनिज विभाग की संयुक्त टीम को जांच के लिये भेजा। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच किया गया। जांच के दौरान ग्राम घुटकू, लमेर, सेन्दरी एवं आसपास क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 1 हाईवा एवं 11 ट्रैक्टर को पाया गया है। मौके पर उक्त उत्खनन से संबंधित व्यक्तियों ने कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। इस कारण अवैध उत्खनन में संलग्न वाहनों को जप्तकर थाना प्रभारी कोनी एवं खनिज जांच चैकी कोनी की सुपुर्दगी में रखा गया है। संयुक्त टीम द्वारा जांच में ग्राम सेन्दरी स्थित अरपा नदी में कछार निवासी राहुल साहू द्वारा उत्खनन में संलग्न वाहन चालकों से अवैध वसूली करते हुये भी पाया गया तथा मौके पर कच्चा पर्ची भी जप्त किया गया। जांच के दौरान राहुल साहू का बयान दर्ज किया गया। उसने बताया कि यह कार्य रणविजय सिंह के कहने पर कर रहा है। गौरतलब है कि खनिज अमले द्वारा जिले में लगातार खनिजों के उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण की जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। इस महीने में अवैध खनिज परिवहन के लगभग 55 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। दर्ज प्रकरणों में 45 प्रकरणों का निराकरण कर 7 लाख 37 हजार से अधिक की समझौता राशि वसूल2 की गयी है।

खनिज रेत के कुल 40 प्रकरण अरपा नदी के ग्राम सेन्दरी, लोखण्डी, मंगला, कोनी, लमेर, घुटकू, दयालबंद, गढ़वट, जोगीपुर, कोटा, रतनपुर एवं आसपास क्षेत्रों में दर्ज किये है। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि जब्त किये गये वाहन के मालिकों के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं परिवहन विभाग के नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

दलाल ने एक ही जमीन को दो लोगों को बेचा

पीड़ित परिवार ने की शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक ही जमीन को दलाल द्वारा अलग-अलग दो लोगों को बेचने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित परिवार ने सरकण्डा थान सहित बिलासपुर विधायक और एसडीएम के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई है। कोरबा के पथर्री पारा निवासी जयकिशन धुरी ने साल 2019 में मोपका नाला के पास खसरा नंबर 2255/4, 2273/1 और 2273/2 मिलाकर कुल 0.34 एकड़ भूमि विक्रेता खोलबहरीन पिता स्वर्गीय रामफल वगैरह से 18 लाख में खरीदा था। इस सौदे में मटियारी निवासी कृष्ण कुमार यादव ने पावर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से मध्यस्थता की थी और उसी ने जमीन का सौदा किया था। जमीन की रजिस्ट्री के बाद जय किशन धुरी द्वारा नामांतरण के लिए पटवारी कौशल को दिया गया था, जिसके द्वारा अलग-अलग बहाने बनाकर करीब साल भर तक उन्हें टाला गया लेकिन नामांतरण नहीं हुआ। इसके बाद पटवारी ने 3000 रू. काटते हुए उन्हें 17000 वापस कर दिए। जब जयकिशन धुरी ने पता किया तो पता चला कि उक्त भूमि किसी और के नाम चढ़ा दी गई है। जब इस संबंध में कृष्ण कुमार यादव को कहा गया तो वह नए-नए बहाने बनाने लगा। 34 डिसमिल जमीन की बजाय वह कहीं और 25 डिसमिल जमीन पीड़ित परिवार को देने का ऑफर भी करने लगा। खुद को फंसता देख कर कृष्ण कुमार यादव मटियारी में 25 डिसमिल अपने नाम की जमीन देने की बात कह रहा है लेकिन ना तो उसने कोई जमीन दी है और न ही रकम वापस किया है। खोलबहरीन से पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर कृष्ण कुमार यादव ने एक ही जमीन कई लोगों को बेच दी है, इसलिए कृष्ण यादव पिता कौशल प्रसाद के खिलाफ सरकण्डा थाने सहित शिकायत करने पीड़ित परिवार बिलासपुर विधायक शैलेष पांडे के पास भी पहुंचे, जिन्होंने उन्हें एसडीएम के पास जाने की सलाह दी।

बिलासपुर में जमीन सौदों को लेकर फर्जीवाड़े के मामले में बढ़ते ही जा रहे हैं। सबसे ज्यादा आरोप राजस्व विभाग पर लग रहे हैं। खास बात यह है कि ऐसे मामलों में कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिसकी लाठी उसकी भैंस के तर्ज पर बाहुबली किसी भी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं,

राजस्व विभाग के अफसरों की लापरवाही से धान नहीं बेच पा रहे किसान

30 को आत्मदाह करने की दी चेतावनी

बालोद/नवप्रदेश। कुसुमकसा के किसान तिहार सिंह तारम ने शासन प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आत्मदाह की चेतावनी दी है। दरअसल, मामला राजस्व रिकॉर्ड में हुई त्रुटि का है। जिसकी वजह से किसान अपना धान नहीं बेच पा रहा। इसके लिए उन्होंने राजस्व विभाग के अफसरों को जिम्मेदार ठहराया है। जिनकी वजह से उनका रिकॉर्ड गड़बड़ हो गया है और वे धान बेचने से वंचित हो रहे। जिसे देखते हुए अब किसान ने आर या पार की लड़ाई लड़ने की सोच ली है व शासन प्रशासन के नाम से ज्ञापन देते हुए आत्मदाह की चेतावनी दी है। इस ज्ञापन के मुताबिक किसान ने पहले 25 से लेकर 29 जनवरी तक परिवार सहित धान खरीदी केंद्र कुसुमकसा शिकारीटोला में धरने पर बैठने की बात कही है। उसके बाद 30 जनवरी को आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में किसान ने बताया है कि तिहार सिंह तारम पिता बनिहार सिंह तारम जाति हल्बा ग्राम कुसुमकसा का मूल निवासी है जो कि मेरी निजी भूमि खसरा नं. 1236 रकबा 0.56 हे भूमि को न्यायालय तहसीलदार दल्लीराजहरा द्वारा राजस्व अभिलेख से गायब करने के कारण, समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पा रहा। जिसके कारण 25 जनवरी से 29 जनवरी 2022 तक पूरे परिवार सहित धान खरीद केन्द्र कुसुमकसा (शिकारीटोला) में धरना प्रदर्शन करने की बात कही है। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि 29 जनवरी तक न्यायालय तहसीलदार दल्लीराजहरा द्वारा उसकी कृषि भूमि खसरा नं 1236 रकबा नं. 0.56 है. पुस्तिका क्रमांक 222175 में वापस दर्ज नहीं कराने की स्थिति में 30 जनवरी को मेरे द्वारा आत्मदाह किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। किसान की माने तो इस संबंध में पहले भी अधिकारियों को जानकारी दी है। जिसमें अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। इन सब परिस्थितियों से परेशान होकर किसान ने अब आत्मदाह की चेतावनी दी है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी पुरस्कृत, कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित नव मतदाताओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई और उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति और पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राज्य स्तर पर आयोजित मतदाता कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के अधिकारी जुड़े थे। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूराइन निषाद और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से बसंत कुमार बीसी सहायक शिक्षक को 5-5 हजार रूपये का पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत नोडल प्राध्यापक चंद्रभान पटेल सहायक प्रध्यापक शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी तरह मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिला स्तरीय ऑनलाइन स्पर्धा का आयोजन किया गया था जिसमें रंगोली अंतर्गत कुमारी सीमा साहू, सुरुचि ध्रुव एवं सरिता विश्वकर्मा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में फुलेश्वर बंदे, आकाश देवांगन और भूलक्ष्मी सिन्हा को पुरस्कार प्रदान किया गया। नारा लेखन वाचन में देव आनंद, पार्वती कवर, और विजय पटेल को पुरस्कृत किया गया। लकी ड्रा के तहत राज्य स्तर पर चयनित नवीन मतदाता वेणुगोपाल यादव ग्राम मोंहदा को कारवां रेडियो और मेडल प्रदान किया गया।

विधायक ने डॉक्टर और स्टॉफ के समय पर नहीं पहुंचने पर जताई नाराजगी

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों और स्टॉफ के समय पर नहीं आने पर नाराजगी जताई। साथ ही भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहने की नसीहत दी। मंगलवार की सुबह संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर अचानक जिला हॉस्पिटल पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टर के साथ ही कई स्टॉफ नदारद मिले और उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। गौरतलब है कि हॉस्पिटल की अव्यवस्था व डॉक्टरों की मनमानी को लेकर शिकायत मिलने पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने तत्काल जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण किया।

पंचायत सचिवों के दो माह का वेतन रुका

पिथौरा/नवप्रदेश। ब्लॉक पिथौरा और जिले भर के पंचायत सचिवों को दो माह से वेतन प्राप्त नहीं हो रहा है जिसके कारण सचिव आर्थिक के साथ-साथ मानसिक परेशानियों से गुजर रहे। सरकार की पंचायत कार्य के साथ नरवा, गुरुवा, बाड़ी जैसी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने वालों का दिन बिना वेतन के बित रहा है। जिले महासमुंद के सचिवों के द्वारा उच्चाधिकारियों से पत्राचार कर अपनी परेशानी से अवगत कराया गया किन्तु समाधान नहीं हो रहा है। नियमानुसार माह के 5 तारीख तक वेतन मिलने का प्रावधान पंचायत संचालनालय अधिकारी सचिवों के शिकायत पर दिनांक 11 अगस्त 2021 को आदेश दिया गया था जैसे कि जगजाहिर है आदेश की अवहेलना करने में उच्च जिलाधिकारी माहिर है। सचिवों से मिले जानकारी और बातों से अपना दर्द बताते हुए कहा दो माह से वेतन पाने से वंचित पंचायत सचिव आने वाले और कितने माह बिना वेतन के अपना जीवन यापन करेंगे राशन, स्कूल फीस, दवाई, व अन्य खर्चे पर इसका असर पड़ रहा है। वेतन रोक कब तक रहे कहा नहीं जा सकता शायद धान खरीद के बाद नियमित रूप से वेतन मिलना प्रारंभ हो। ज्ञात हो कि पंचायत सचिव पद जिला से लेकर ब्लॉक और पंचायत स्तर के राजनीति के दबाव में रहकर शासन की नीतियों व निर्देश का पालन अपनी नौकरी दांव पर लगाकर करने वाले पंचायत का वेतन इस प्रकार लम्बे समय तक रोके रखना उचित नहीं है।

शासन के इशारे पर काम कर रही पुलिस, सांसद व पूर्व सांसद को फरार बताना निंदनीय: भावना

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा में भगवा ध्वज के अपमान को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं वर्तमान सांसद संतोष पाण्डेय सहित अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। इस मामले में कवर्धा पुलिस द्वारा एकतरफा कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में सक्रीय राजनांदगांव लोकसभा के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं सांसद को फरार बताते हुए उनकी संपत्ति कुर्क करने के आदेश को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में आक्रोश है और इसका विरोध कर रहें हैं। राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और वर्तमान सांसद के खिलाफ द्वेष पूर्व कार्रवाई को निंदनीय बताते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री और जिला पंचायत की सभापति भावना बोहरा ने कहा कि कवर्धा पुलिस राज्य शासन के इशारे पर द्वेष पूर्व कार्रवाई कर रही है। दंगा फैलाने वालों को संरक्षण देते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से भगवा ध्वज का अपमान करने के विरोध में प्रदर्शन करने वाले लोगों पर षड्यंत्र पूर्वक अपराध पंजीबद्ध कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि छत्तीसगढ़ सरकार जो जनता की सेवा करने के लिए आई है, वह अपने शक्ति का इस कदर दुरुपयोग कर रही है कि, पुलिस को ही यह निर्देश दे दिया कि एक पूर्व सांसद और सांसद को फरार घोषित करते हुए केस दर्ज करें। जनता के बीच सक्रिय रहने वाले पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जो जनता के हर सुख-दुःख में उनके साथ खड़े रहते हैं, उनकी आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए लड़ते हैं और जनता की सेवा के लिए हमेशा सक्रियता से क्षेत्र का भ्रमण करते हुए जनता की समस्या के निराकरण के लिए तत्पर रहते हैं उनकी सक्रियता से घबराकर, राजनीतिक द्वेष के कारण उनके छवि को धूमिल करने के लिए यह षड्यंत्र रचा गया है।

भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस, राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं सांसद को फरार बताकर उनकी संपत्ति को कुर्क करने का भरसक प्रयास कर रही है। जब क्षेत्र के पूर्व सांसद और सांसद का दैनिक प्रोटोकाल पुलिस प्रशासन के साथ साझा किया जाता है, जिसमे प्रतिदिन हर घंटे का ब्यौरा रहता है और पुलिस प्रशासन ही उनकी सुरक्षा में तैनात रहती है तो आखिर उन्हें फरार घोषित करना पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़ा करती है और यह साफ़ करती है कि राजनीतिक द्वेष के चलते पुलिस विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई है जो की निंदनीय है। परित्राणाय साधुनाम को आत्मसात करने वाले पुलिस बल से क्या यही अपेक्षा अब छत्तीसगढ़ की जनता रख सकती है? सबसे बड़ा प्रश्न तो यह है कि यदि छत्तीसगढ़ सरकार में इतना बड़ा षडयंत्र एक सांसद व पूर्व सांसद सहित एक पार्टी विशेष के वरिष्ठ नेताओं के साथ हो सकता है तो फिर जनता अपनी सुरक्षा हेतु कहां जाएगी।

भावना बोहरा ने कहा कि पुलिस पर राजनीतिक दबाव बनाकर बेकसूर लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ शासन के श्रम मंत्री खुलेआम जनता को थप्पड़ जड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता अपनी आवश्यकताओं व आकांक्षाओं के लिए जनप्रतिनिधियों को चुनती हैं जो उनकी आवाज बने उनके सुख-दुःख में साथ दें व उनकी समस्याओं का निराकरण करें। लेकिन मंदिर हसौद में जब जनता ने नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री शिव डहरिया को क्षेत्र में पानी की समस्या से अवगत कराया तो उनकी सहायता के बदले मंत्री ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया यह अत्यंत ही निंदनीय है। इस पूरे मामले में मंत्री को जनता से माफी मांगनी चाहिए और उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। जब जनप्रतिनिधि ही जनता की आवाज नहीं सुनेंगे तो वे किसके पास जाएंगे?

3 लाख के तेंदुए की खाल के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर में पुलिस ने तेंदुए की खाल के साथ चार आरोपियों को मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी खाल बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश करने निकले थे। इसी दौरान सूचना मिलने पर पुलिस ने दबोच लिया। बरामद खाल की कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई जा रही है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोग तेंदुए की खाल को बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहे हैं जिस पर कोतवाली व सायबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम लेन्डारा पहुंच कर आरोपी सिया राम भास्कर निवासी लेन्डारा के घर के सामने अन्य 3 आरोपी शत्रुघन नेताम पिता सोना राम नेताम 32 वर्ष निवासी पुजारी पारा खड़गांव थाना विश्रामपुरी, राजेश सरोज पिता श्याम कार्तिक 40 वर्ष ग्राम भिरौद थाना नरहरपुर और अर्जुन सलाम पिता सुकदेव सलाम 40 वर्ष निवासी गौरगांव थाना केशकाल को पकड़ लिया गया। चारों आरोपी एक बैग में तेंदुए को खाल को रखा था। पूछताछ करने पर आरोपियों ने विश्रामपुरी क्षेत्र में वन्य जीव तेन्दुआ का शिकार कर तेन्दआ की खाल बेचने के लिए रखना स्वीकार किया। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने जहर के माध्यम से शिकार किया था। उन्होंने तेंदुए को किसी जानवर के मांस में जहर मिला कर विश्रामपुरी के जंगल में मांस को तेंदुए के रास्ते में फेंक दिया था जिसे खा कर तेंदुए की मौत हो गई।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 29 को

कांकेर/नवप्रदेश। आजादी के अमृत महोत्सव 75वें वर्षगाठ के अवसर पर जिला रोजगार कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने जानकारी दी है कि निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा 130 रिक्तयों के आधार पर भर्ती किया जायेगा, जिसमें फायर मेन के 20, सेक्युटरी गार्ड के 100 और वाहन चालक के 10 पदों पर भर्ती किया जायेगा। जिले के इच्छुक आवेदक प्लेसमेंट कैंप में दस्वावेज सहित उपस्थित होकर कोविड-19 नियमों का पालन करते हुये आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जायेगा। जिसकी सूचना फोन के माध्यम से आवेदकों को दिया जायेगा।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ

कांकेर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार कोविड-19 का पालन करते हुए आज कलेक्टर परिसर में संयुक्त कलेक्टर जी.एस. नाग द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का शपथ दिलाई गई। उनके द्वारा ''लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने, लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ के अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एएस पैकरा, डिप्टी कलेक्टर सी.एल. ओंटी, एसडीएम डॉ. कल्पना ध्रुव, अधीक्षक यशवंत नाग, अधीक्षक भू-अभिलेख आर.सी. मंडावी सहित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

यूपी चुनाव से ...

मंगलवार को आरपीएन सिंह ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद आरपीएन सिंह ने अपने ट्विटर हैंडल से कांग्रेस का नाम हटा दिया है।

आरपीएन ने ट्वीट करते हुए कहा कि यह मेरे लिए एक नई शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए तत्पर हूं। आरपीएन सिंह के साथ यूपी कांग्रेस प्रवक्ता शशि वालिया और प्रदेश सचिव राजेंद्र अवाना ने भी भाजपा प्रवेश किया है। भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इन तीनों कांग्रेस के नेताओं को भाजपा प्रवेश करवाया। इस दौरान यूपी के नेता सही केंद्रीय मंत्री सिंधिया और अनुराग भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के प्रचार में आरपीएन सिंह ने ही गंगाजल की सौगंध लेकर किसानों को कर्जमाफी का वादा किया था। जिसके बाद सिंह काफी सुर्खियों में भी आये थे। वहीं पिछले कुछ दिनों से आरपीएन सिंह का कांग्रेस से मोह भंग होने की बात सामने आ रही थी। कांग्रेस ने अफवाहों को रोकने स्टार प्रचारकों की सूची में सोमवार को आरपीएन सिंह का नाम शामिल किया,ताकि उनके भाजपा में शामिल होने की अफवाह पर विराम लगाया जा सके। लेकिन कांग्रेस की कोशिश नाकाम रही और सिंह ने भाजपा प्रवेश कर लिया।

उफनती इंद्रावती नहीं ...

सुविधाओं की पहुंच बढ़ी है। जन-जीवन सहज हुआ है। इन्द्रावती नदी के पार के नक्सल प्रभावित ग्राम चेरपाल, तुमरीगुण्डा, पाहुरनार, कौरगांव सहित अन्य गांव में विकास और बुनियादी सुविधाओं की पहुंच तेज हुई है जिससे लोगों के जीवन में एक नया बदलाव दिखाई देने लगा है। पुल निर्माण का वर्षों पुराना सपना पूरा होने से इन्द्रावती नदी के उस पार के गांव में उत्सव और हर्ष का माहौल है।

गौरतलब है कि इन्द्रावती नदी में बरसात के दिनों में बाढ़ आने पर ग्रामीणों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता था। पुल बन जाने से अब पार के गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विकास में तेजी आई है। गांवों में बिजली भी पहुंच गई है। मरीगुंडा ग्राम पंचायत में 2 करोड़ की लागत से 18 पारों में 18 ट्रांसफार्मर लगाकर शतप्रतिशत घरों को विद्युतीकृत किया गया है, जिससे 410 हितग्राहियों को लाभान्वित हुए हैं।

विद्युतीकरण का काम में तेजी

इन्द्रावती नदी के उस पार स्थित सभी गांवों के घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 3 करोड़ 91 लाख रूपए की स्वीकृत दी गई है, जिससे पाहुरनार गांव के विद्युतीकरण का काम पूरा हो चुका है। चेरपाल गांव में विद्युतीकरण का काम तेजी से चल रहा है। जल जीवन मिशन अंतर्गत अंदरूनी इलाके के गांव में हर घर-नल से जल पहुंचाने के काम में भी तेजी आई है। पुल बन जाने से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ देने और दिलाने के लिए शासन और जनता के बीच की दूरी मिटी है।

अंदरुनी इलाकों में पहुंचने लगी बुनियादी सुविधाएं

- जिला प्रशासन द्वारा गांव में शिविर लगाने और ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने में गति आई है।
- इन्द्रावती नदी पार के गांवों में 632 हितग्राहियों का श्रम कार्ड बनाया जा चुका है, जिससे उन्हें कई योजनाओं का लाभ मिलने लगा है।
- स्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान हुई है। गांव में अब आवश्यकता के अनुरूप 108 संजीवनी एक्सप्रेस एवं 102 महतारी एक्सप्रेस धड़ल्ले से आने-जाने लगी हैं।
- डॉ खूबचंद बघेल आयुष्मान योजना अंतर्गत लगभग 2829 लोगों का आयुष्मान कार्ड तथा 45 दिव्यांगजनो को दिव्यांग प्रमाण पत्र दिया जा चुका है।
- कोविड-19 संक्रमण के बचाव के लिए लोगों को टीका लगा दिया गया है।
- सिंचाई एवं फसल उत्पादन में भी वृद्धि हुई है।
- इन्द्रावती नदी के उस पार स्थित ग्राम पंचायतो में कुल 1656 लोगों को राशनकार्ड का लाभ मिलने लगा है।
- दंतेवाड़ा जिले के सीमा क्षेत्र नारायणपुर जिले के 356 हितग्राहियों को दंतेवाड़ा से राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।
- इन्द्रावती पर पुल निर्माण से समग्र विकास को गति और ग्रामीणों का जीवन गतिशील हुआ है।

प्रभारी मंत्री भेड़िया फहराएंगी झंडा

कांकेर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग एवं कांकेर जिले के प्रभारी मंत्री अनिला भेड़िया 25 जनवरी को सायं 04 बजे डौण्डीलोहारा जिला बालोद से कार द्वारा प्रस्थान कर सायं 06 बजे विश्राम गृह कांकेर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे तथा 26 जनवरी को प्रातः 09 बजे शासकीय नरहरदेव उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और प्रातः 11 बजे कांकेर से डौण्डीलोहारा जिला बालोद के लिए प्रस्थान करेंगे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202201200400011
अ-2/2021-22 ग्राम केशकाल प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. केशकाल

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल मोहसीन पिता अब्दुल करीम उम्र 28 वर्ष जाति मुसलमान निवासी मेनरोड केशकाल तहसील केशकाल जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम केशकाल प.ह.नं. 17 तहसील केशकाल स्थित स्वयं के स्वामित्व में दर्ज भूमि खसरा नं. 132/47 में से 0.0810 हेक्टेयर को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 31/01/2022 न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/1/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा के जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केशकाल
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर

निविदा सूचना क्रमांक/1135/वाहन/2022 रायपुर, दिनांक 25/01/2022

अल्पकालीन वाहन निविदा सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर के गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य प्रदेश के सभी जिलों में किए जाने वाले हेतु खुली बॉडी ट्रकों तथा बंद बॉडी ट्रकों, बसों, टाटा एस, डी-आई, वाहन की व्यवस्था किए जाने बाबत् सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा फार्म प्राप्त दिनांक 07.02.2022 को दोपहर 01.00 बजे तक। (रुपए 1000.00 का डी.डी./चालान सचिव, छ.ग. राज्य ओपन स्कूल, रायपुर के नाम से जमा कर निविदा फार्म प्राप्त करना होगा।)
2. निविदा आमंत्रण दिनांक 07.02.2022 को दोपहर 03.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का दिनांक 07.02.2022 को सायं 04.00 बजे।

संकल्प धनराशि रुपए 1,00,000/- का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर के नाम देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदा फार्म छ.ग. राज्य ओपन स्कूल रायपुर की वेबसाईट www.sos.cg.nic.in पर भी उपलब्ध है। जिसे डाउनलोड कर रुपए 1000.00 का डी.डी. सचिव, छ.ग. राज्य ओपन स्कूल रायपुर के नाम से तैयार कर निविदा फार्म के साथ जमा कर सकते हैं।

किसी भी निविदा को अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण दर्शाते हुए निरस्त करने का सर्वाधिकारी, सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर के पास सुरक्षित होगा।

(प्रोफेसर व्ही.के. गोयल)
सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल
रायपुर

संवाद-31228/2

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
मनियारी जल संसाधन संभाग मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

// निविदा निरस्तीकरण आदेश //

पत्र क्रमांक 196/व.ले.स./2021-22 मुंगेली, दिनांक 13/01/2022

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19 नार्थ ब्लाक, अटल नगर छ.ग. रायपुर का पत्र क्रं. 4262077/ निविदा प्रकोष्ठ/ 2021/ 4434 (Tc) रायपुर दिनांक 14.12.2021 द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 12/व.ले.लि./2021-22 दिनांक 22.12.2021, सिस्टम नं. 87121 (तृतीय आमंत्रण) ''**मनियारी जलाशय सैंच्य क्षेत्र के विकसित 3100.00 हे. (जल उपभोक्ता संथा झाफल एवं सुकली के अंतर्गत) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लक्ष्य के अनुरूप कृषकों को एग्रीकल्चर, हार्टीकल्चर, सेरीकल्चर से प्राप्त योजनाओं एवं सुविधाओं से कृषकों को परिचित कराते हुए जागरुकता कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाना है।**'' (लागत रु. 1045.20 लाख) की निविदा को निविदाकारों की संख्या निरंक होने के कारण अपरिहार्य कारणों से ''**निरस्त**'' किया जाता है।

जी.नंबर 65286/1 दिनांक 24.11.2021

कार्यपालन अभियंता
मनियारी जल संसाधन संभाग
मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

जी-67125/10

OFFICE OF THE RAIPUR SMART CITY LIMITED
e-Procurement Ternder Notice
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

S. No.	NIT No	System Tender No.	Name of work/Description of Work	Tender Amount	EMD Amount	Time Period
1.	504	91301	Beautification and Redevelopment of Chuiyan Talab in Raipur including Operation and maintenance of one year.	Rs.75.36 Lakhs	Rs. 75,360.00/-	12 Months including monsoon season
2.	505	91333	Beautification and Redevelopment of shitla Talab at Mowa (Ward 9) in Raiur including Operation and maintenance of one year.	Rs. 113.45 Lakhs	Rs. 1,13,450.00/-	15 Months including monsoon season
3.	506	91347	Beautification and Redevelopment of Shitla Talab at Purani Basti in Raipur including Operation and maintenance of one year.	Rs. 58.27 Lakhs	Rs. 58,270.00/-	09 Months including monsoon season
4.	507	91349	Beautification and Redevelopment of sondongri Talab in Raipur including Operation and maintenance of one year.	Rs. 93.46 Lakhs	Rs. 93,460.00/-	12 Months including monsson season

All the Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **http://eproc.cgstate.gov.in**

MANAGER (CIVIL)
RAIPUR SMART CITY LIMITED

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

कोसा टसर केन्द्र प्रभारी
ग्राम-बारदेवरी
जिला-उत्तर बस्तर, कांकेर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

पढ़ाई तुंहर दुआर

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

राजकुमार जनरल स्टोर्स
गुरूकृपा काम्पलेक्स,
मेन रोड गोविंदपुर, कांकेर

राजकुमार फब्यानी

संपूर्ण किराना सामग्री के थोक एवं चिल्हर
विक्रेता मो. 9425259106, 9425266706

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

PARADISE HIGHER SECONDARY SCHOOL KANKER

Bhandaripara, Emalipara kanker (C.G.) Cantact No. 9425262118, 9425262119, 8871078099

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

- जिले में आत्मा योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2021-22 में काला गेहू 70 एकड़ एवं चना 35 एकड़ में सरसो के साथ अंववर्तीय फसल प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।
- गोधन न्याय योजना के अंतर्गत जिले के 408 गौठानों में सफलतापूर्वक गोधन न्याय योजना संचालित किया जरा रहा है। अघतन स्थिति में 4080 महिला समूहों की सदस्यों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट, मछलीपालन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मुर्गीपालन और बकरी पालन की गतिविधियों के द्वारा अपने आप को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।
- समूहो द्वारा 140240 क्विंटल गोबर खरीदी हुई है जिसकी राशि 2 करोड़ 80 लाख रु. तथा वर्मी कम्पोस्ट 29735 क्विंटल का उत्पादन किया गया जिसकी राशि 2 करोड़ 97 लाख रु. है जिसने 25180 वर्मी कम्पोस्ट की बिकी हो चुकी है जिसकी राशि 2 करोड़ 51 लाख रु. है।

विनीत : कृषि उपसंचालक कांकेर


एन एम डी सी
NMDC
आज़ादी का अमृत महोत्सव
एनएमडीसी
इस्पाती इरादों तथा
संवेदनशील हृदय के साथ
भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी समावेशी विकास के लिए
देश के प्रत्येक नागरिक को शामिल करते हुए राष्ट्र के सुस्थिर विकास की प्रतिबद्धता के साथ सामंजस्य एवं
सद्भाव का उत्सव मना रहा है।
एनएमडीसी की ओर से
गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजी. कार्यालय: 10-3-311/ए, 'खनिज भवन', कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028
www.nmdc.co.in
CIN: L13100TG1958GOI001674
nmdclimited
पर्या-हितैषी खनिक


SERVING
PEOPLE
SERVING
NATION
AM/NS
INDIA
आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया, 'बेहतर दुनिया के लिए स्मार्ट स्टील्स' के निर्माता, इस 26 जनवरी 2022 को 73 वें गणतंत्र दिवस पर भारत की राष्ट्रभक्ति का जश्न मना रहे हैं। हम राष्ट्र के लिए एक प्रतिबद्ध भागीदार हैं और देशभर में लाखों लोगों के जीवन को छूते हैं। हम एक ऐसी विकासगाथा लिखते हैं जो प्रगति के लिए उद्देश्यपूर्ण, समावेशी और टिकाऊ है।


हम धरती को माता कहते हैं, हमारा महान संविधान माँ के आँचल के समान सुरक्षा देता है, इसलिए हमने संविधान की रक्षा का संकल्प लिया है। हम लोकतंत्र का सम्मान करते हुए नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में 2 लाख 80 हजार लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। सबको न्याय, समृद्धि और खुशहाली दिलाना ही हमारा लक्ष्य है।
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
- भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
गणतंत्र दिवस
अमर रहे
सेवा-जतन-सरोकार
छत्तीसगढ़ सरकार
छत्तीसगढ़ संवाद